राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

# प्रातः किरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 आज मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से बदला चुकता करना चाहेगा ...

इस्राइल की नई चेतावनी, जल्द गाजा में हमास शासन का ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 76 | पटना, गुरुवार, 27 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा सांसद ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री ओम बिरला के कुशल नेतृत्व में लोकसभा की कार्यवाही का संचालन अच्छे ढंग से होगा।

### वज्रपात से 08 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना कल से आज शाम तक वज्रपात से मुंगेर में 02, भागलपुर में 02, जमुई में 01, पूर्वी चम्पारण में 01, पश्चिम चम्पारण में 01 और अररिया में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

### गुजरात के खेड़ा जिले के स्कूल तक पहुंची सीबीआई जांच

नडियाद/नई दिल्ली। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और गड़बड़ी मामले की सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की जांच आंच खेड़ा जिले तक पहुंच गई है। बुधवार को सीबीआई की टीम खेड़ा जिले के थर्मल स्थित जय जलाराम इंटरनेशनल स्कूल में जांच करने पहुंची। सीबीआई के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित केंद्र अधीक्षक परषोत्तम शर्मा की जमानत स्थानीय सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी है। दरअसल, नीट परीक्षा जय जलाराम स्कूल के गोधरा और थर्मल दोनों केन्द्र पर आयोजित की गई थी। नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने के मामले में पंचमहाल जिले की गोधरा पुलिस ने जय जलाराम स्कूल की नीट परीक्षा के सिटी कॉ-ऑर्डिनेटर और स्कूल के प्रिंसिपल परषोत्तम शर्मा को पकड़ा था। परषोत्तम शर्मा के घर पर परीक्षा के एक दिन पूर्व तुषार भट्ट के साथ मीटिंग हुई थी, जिसमें परीक्षार्थियों की लिस्ट बनाई गई थी। परीक्षा में गड़बड़ी कराने की बात सामने आने पर परषोत्तम शर्मा ने घर की सीसीटीवी फुटेज डिलिट करवा दी थी।

**पीएम मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का रखा प्रस्ताव, ध्वनिमत से चुने गए**

# लोकसभा अध्यक्ष बनते ही ओम बिरला ने रच दिया कीर्तिमान

## पीएम, नेता प्रतिपक्ष व संसदीय कार्य मंत्री ने बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार इस उत्तरदायित्व को संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर (कार्यवाहक अध्यक्ष) भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। जब बिरला ने अध्यक्षीय आसन ग्रहण किया तो पीएम मोदी, राहुल गांधी और रिजिजू ने उन्हें बधाई और शुभकामना दी। ऐसा पांचवीं बार होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा। इसके अलावा एक तथ्य यह भी है कि कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे किए हैं। इसके अलावा आज तक किसी ने भी इस आसन पर दो कार्यकाल पूरे नहीं किए हैं।



**सभी सदस्यों से सदन के संचालन में सहयोग की अपेक्षा है: बिरला**

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के सुचारु संचालन में सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा किये जाने के साथ ही उन्हें पुनः पीठासीन अधिकारी चुने जाने पर आभार व्यक्त किया है। श्री बिरला ने बुधवार को अध्यक्ष चुने जाने के बाद अपने पहले सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सभी राजनीतिक दलों के नेता और सभी सदस्यों का उन्हें पुनः सदन का पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन का अवसर प्रदान किये जाने पर हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनके प्रति उन्होंने जो विश्वास जताया है, उसके लिये वह बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। पक्ष और विपक्ष से मिलकर सदन चलता है। उनकी कोशिश है कि सबकी सहमति से सदन संचालित करूं। एक दल के सदस्य को भी अपनी बात कहने का अवसर मिले, ऐसी उनकी कोशिश रहेगी। उन्होंने कहा, मैं कोशिश करूंगा कि सभी को उनके विचार, भावना व्यक्त करने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि वह किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना चाहते, हम सब लोग संवाद करें, चर्चा करें। उच्च कोटि के संवाद, चर्चा करें। उन्होंने कहा कि संसद के विरोध और सड़क के विरोध में अंतर रहना चाहिये। सभी सदस्यों का प्रयास होना चाहिये कि सदन का गौरव बढ़ाने का निरंतर प्रयास करें।

**लगातार दूसरी बार लोस बनने वाले भाजपा के पहले नेता बने:** ओम बिरला बुधवार को फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद, पिछले दो दशक से अधिक समय में इस पद पर दोबारा आसीन होने वाले पहले नेता बन गये। इसी के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में संसद के इस प्रतिष्ठित पद पर लगातार दो बार निर्वाचित होने वाले वह पहले नेता बन गये हैं। भाजपा में उनसे पहले सुमित्रा महाजन लोकसभा अध्यक्ष रह चुकी हैं। किंतु इस पद पर लगातार दोबारा निर्वाचित होने वाले बिरला पार्टी के पहले नेता हैं।

**ओम बिरला को लोस अध्यक्ष चुने जाने पर पीएम व नेता प्रतिपक्ष ने दी बधाई**

# संसद 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं का केंद्र : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एनडीए के उम्मीदवार और कोटा से सांसद ओम बिरला को 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान की बात है कि आप दूसरी बार इस कुर्सी के लिए चुने गए हैं। बिरला की सराहना करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 18वीं लोकसभा आपके नेतृत्व में लोगों की उम्मीदों को पूरा करेगी। 18वीं लोकसभा में अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संसद भवन सिर्फ दीवारें नहीं हैं, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं का केंद्र है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदन का कामकाज, आचरण और जवाबदेही हमारे देश में लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाती है। अमृत काल में बिरला के दूसरी बार कार्यभार संभालने के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि पांच साल का उनका अनुभव और उनके साथ सदस्यों का अनुभव, इस महत्वपूर्ण समय में पुनः निर्वाचित अध्यक्ष को सदन का मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाएगा। प्रधानमंत्री ने अध्यक्ष के विनम्र और विनम्र व्यक्तित्व और उनकी आकर्षक मुस्कान की चर्चा की, जो सदन का संचालन करने में उनकी मदद करती है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पुनः निर्वाचित अध्यक्ष नई सफलताएं प्राप्त करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बलराम जाखड़ पहले अध्यक्ष थे, जिन्होंने लगातार पांच वर्षों के बाद दोबारा इस पद को संभाला था और आज ओम बिरला को 17वीं



लोकसभा के सफल समापन के बाद 18वीं लोकसभा को बड़ी सफलताएं दिलाने की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने बीच के 20 वर्षों की अवधि के रुझान की ओर भी ध्यान दिलाया, जब अध्यक्ष चुने गए लोगों ने या तो चुनाव नहीं लड़ा या फिर अपनी नियुक्ति के बाद चुनाव नहीं जीता, लेकिन ओम बिरला ने फिर से विजयी होकर अध्यक्ष के रूप में इतिहास रच दिया है। पिछली लोकसभा में बिरला के नेतृत्व को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने उस अवधि को हमारे संसदीय इतिहास का स्वर्णिम काल बताया। 17वीं लोकसभा के दौरान लिए गए परिवर्तनकारी निर्णयों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने अध्यक्ष के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण विधेयक, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकार संरक्षण विधेयक, उपभोक्ता संरक्षण विधेयक, प्रत्यक्ष कर-विवाद से विश्वास विधेयक जैसे ऐतिहासिक अधिनियमों का उल्लेख किया, जो ओम बिरला की अध्यक्षता में पारित किए गए। प्रधानमंत्री ने जी-20 देशों के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के अत्यंत सफल पी-20 सम्मेलन के लिए भी अध्यक्ष की प्रशंसा की, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में देशों ने भाग लिया।

## बिरला से सदन में विपक्ष की आवाज को भी महत्व देने की उम्मीद: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राजग के उम्मीदवार ओम बिरला को बुधवार को 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए उन्हें सदन चलाने में सहयोग का भरोसा दिया और उम्मीद जताई कि वह सदन में विपक्ष की आवाज को महत्व देंगे। लोकसभा में श्री गांधी ने कहा, मैं आपको लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर पूरे विपक्ष तथा इंडिया गठबंधन की ओर से बधाई देता हूं। यह सदन देश के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज को न्याय देती अंतिम शक्ति हैं। मुझे उम्मीद है कि सदन में विपक्ष की आवाज को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा बेशक, सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष देश के लोगों की आवाज का भी प्रतिनिधित्व करता है और इस बार विपक्ष को यह दायित्व जनता ने ज्यादा उत्साह से दिया है। पिछली बार की तुलना में इस बार सदन में विपक्ष के लोगों की आवाज काफी अधिक है। श्री गांधी ने कहा कि यदि सदन को विपक्ष की आवाज कुचल कर चलाने का प्रयास होता है तो यह निश्चित रूप से एक गैर-लोकतांत्रिक सोच है। इस



चुनाव ने दिखा दिया है कि लोगों को संविधान की रक्षा की चिंता है और इसके लिए उन्होंने विपक्ष से बहुत उम्मीद की है। सवाल ये

**स्पीकर को बधाई देने वालों का तांता:** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंधोपाध्याय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बुधवार को ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। ओम बिरला के ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुने जाने के बाद परंपरा के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू उन्हें अध्यक्ष के आसन तक लेकर गए।

# नीट प्रश्न-पत्र लीक मामले में दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

प्रात : किरण

पटना। केंद्रीय जांच ब्यूरो की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है।

केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 358/2024 के आधार पर 23 जून 2024 को अपनी प्राथमिकी आरसी 224/2024 भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी, 406, 407, 408 और 409 के तहत दर्ज की है और मामले का अनुसंधान अपने हाथ में ले लिया है। विशेष अदालत में यह मामला आरसी 6ई/2024 के रूप में दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि नीट 2024 की परीक्षा 05 मई 2024 को पूरे देश में एक साथ आयोजित की गई थी। पटना के विभिन्न विद्यालयों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसी दौरान पटना के शास्त्रीनगर थानाध्यक्ष अमर कुमार ने उक्त परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक होने के आरोप में एक प्राथमिकी भारतीय दंड विधान की धारा 407, 408, 409 और 120 बी के तहत शास्त्रीनगर थाना कांड संख्या 358/2024 के रूप में स्वलिखित बयान के आधार पर दर्ज कराई थी। बाद में मामला आर्थिक अपराध ईकाई को सौंप दिया गया था। इस मामले में पटना पुलिस ने कुल 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## केजरीवाल तीन दिन की सीबीआई हिरासत में

नई दिल्ली/एजेंसी। अदालत ने आबकारी मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व सीबीआई ने केजरीवाल से अदालत में पूछताछ के गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने कहा आरोपी से मामले में पूछताछ करने के लिए रिमांड जरूरी है। सीबीआई ने कोर्ट में दिया तर्क :अदालत ने सीबीआई के उस तर्क को भी स्वीकार कर लिया कि मामले में अंतिम निष्कर्ष के लिए केजरीवाल से पूछताछ जरूरी है। अदालत ने सीबीआई को रिमांड के दौरान केजरीवाल की चिकित्सा जांच करवाने व उनके वकील को मिलने की मंजूरी भी प्रदान की है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत के समक्ष तिहाड़ जेल से केजरीवाल को प्रोडक्शन वारंट के आधार पर पेश किया गया। सीबीआई ने अदालत से केजरीवाल से आबकारी नीति के संबंध में पूछताछ की इजाजत मांगी। वहीं केजरीवाल की और से पेश वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें अपने मुवक्किल के अदालत में पेश करने की जानकारी नहीं दी गई और सभी दस्तावेजों का अध्ययन करने के मद्दे नजर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित की जाए।

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

जम्मू/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के गंडोह इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ अब तक जारी है। उन्होंने कहा, दो आतंकवादी मारे गये हैं, लेकिन अभियान जारी रहने के कारण उनके शव बरामद नहीं किये जा सके हैं। अभी भी आतंकवादियों की मौजूदगी से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

# इंदिरा गांधी ने तानाशाही थोपी, संविधान पर किया प्रचंड प्रहार : बिरला

## आपातकाल पर लोकसभा स्पीकर ने पढ़ा निंदा प्रस्ताव

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद सदन में आपातकाल को याद करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का सीधा नाम लिया और कहा कि श्रीमती गांधी ने देश में तानाशाही थोप कर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था। श्री बिरला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने मंत्रियों का परिचय कराये जाने के बाद श्री बिरला ने दिनांक 26 जून 1975 में लगे आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक बयान दिया जिसमें कांग्रेस एवं श्रीमती इंदिरा गांधी को सीधे सीधे घेरा गया। श्री बिरला के इस वक्तव्य का कांग्रेस के सांसदों ने कड़ा विरोध किया और शोर शराबा किया। यह संभवतः पहला अवसर है जिसमें सदन के आसन ने आपातकाल के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी का नाम लेकर आलोचना की। सदन ने आपातकाल में आहत हुए देश के नागरिकों को स्मरण करते हुए 2 मिनट का मौन भी रखा। दरअसल में दो दिन से सदन में विपक्षी सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के दौरान संविधान की प्रतियां लहरायीं थीं और खुद को संविधान के रक्षक के रूप में प्रदर्शित करने की कोशिश की थी। श्री बिरला के आपातकाल के



बारे में बयान को उसी के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। श्री बिरला ने अपने बयान में सदन की तरफ से आपातकाल लगाने के निर्णय का उल्लेख किया और उन सभी लोगों के संकल्प शक्ति की सराहना की जिन्होंने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया, संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा की। श्री बिरला ने भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के दिन को काला अध्याय बताते हुए कहा, इस दिन तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया और बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में है जहां सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया गया है। ऐसे भारत पर श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोपी गई। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को भुला दिया गया और अभिव्यक्ति की आजादी को का गला घोटा गया। आपातकाल के दौरान नागरिकों के अधिकार नष्ट किए गए और उनकी आजादी छीन ली गई। यह वह दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया और पूरे देश को जेल खाना बना दिया गया। उन्होंने कहा कि उस समय कि तानाशाह सरकार द्वारा मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी गई थीं और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर भी अंकुश लगा दिया था।


## खेत (फसल) के लिए अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने योग्य बातें:-



1. फसल कटने तक बोरिंग पर पम्पिंग सेट तैयारी हालत में रखें।
2. अगर खेत में आग लग गई हो तो फैलने वाली दिशा में थोड़ी दूरी पर फसल काट (फायर ब्रेक) दें।
3. फसल ढुलाई के लिए खेतों के बीचो-बीच से ट्रैक्टर, पिकअप, भान आदि वाहनों को लाने एवं ले जाने का प्रयोग न करें।
4. अगर खलिहान के पास तालाब या अन्य कोई जल स्रोत हो तो वहाँ से पाईप या पम्पिंग सेट तैयार रखें।
5. खेतों में बिजली के नंगे तार के नीचे हरा चारा एवं पकनी वाली फसलें न लगायें।
6. खेतों से गुजरने वाले बिजली के तार के किसी भी जोड़ को ढीला या खुला न छोड़ें।
7. बाँस के खम्भे के द्वारा नंगे बिजली के तार खेतों में न रखें।
8. खेत के आस-पास बीड़ी-सिगरेट आदि न पीयें तथा न ही किसी को पीने दें।
9. खेत के आस-पास पूजा एवं हवन न करें और न ही करने दें।
10. कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग न लगायें, आग फैलता है, वातावरण दूषित करता है।
11. सूखे फसल के खेतों के इर्द-गिर्द अलाव, चूल्हे की राख न फेकें।
12. पकी फसल के खेतों के अगल-बगल पेड़ से गिरे पत्ते या झाड़ियों में आग न लगायें।
13. पकी फसलों के आस-पास खेतों में थ्रेशिंग का कार्य न करें।
14. किसी भी उत्सव के दौरान पकी फसल के आस-पास आतिशबाजी का प्रयोग न करें न ही करने दें।

**आग लगने पर 101 डॉयल करें**

PR No.- 002544 (Fire)D. 2024-25

WE SERVE TO SAVE · BIHAR FIRE SERVICE

बिहार सरकार

**बिहार अग्निशमन सेवा**

गृह (आरक्षी) विभाग

टेलीफैक्स – 0612–2222020. ईमेल – sfocumdirector.bihar01@gmail.com

बिहार सरकार

## संक्षिप्त खबरें

### मेगा ऋण शिविर में 39लाभुकों के बीच ऋण वितरित

मुजफ्फरपुर। उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी की , अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार, में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम 1-2, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजन एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।उक्त ऋण शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत 41 लाभुकों को 380.47 लाख ऋण स्वीकृति एवं 10 लाभुकों को 65.70 लाख ऋण वितरण तथा पीएमएफईएम योजना अंतर्गत 42 लाभुकों को 284.01 लाख ऋण स्वीकृति एवं 09 लाभुकों को 25.73 लाख वितरित एवं पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 20 लाभुकों को 20.00 लाख ऋण स्वीकृत किया गया।

### पत्रकार की चाकू मार कर हत्या , 2 हिरासत में

मुजफ्फरपुर ।जिले के मनियारी थानान्तर्गत माड़ीपुर गांव में कल रात पत्रकारिता से जुड़े एक युवक शिवशंकर झा की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई ।पुलिस इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।इस मामले में एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मंगलवार को रात्रि में मनियारी थाना अंतर्गत ग्राम माड़ीपुर, पाकड़चौक के पास स्थित रोड पर शिवशंकर झा पिता महेशकांत झा ग्माराम ड़ीपुर थाना मनियारी को चाकू लगने से जख्मी होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही मनियारी थाना की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की गई। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी को आवश्यक बेहतर उपचार हेतु एस0के0एम0सी0एच0 में भर्ती कराया गया, जहां ईलाज के क्रम में चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। कांड के सफल उभेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पश्चिमी-02 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास लगे सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है। मानवीय एवं तकनीकी बिंदुओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है। कांड का शीघ्र ही उद्भेदन किया जाएगा ।यह भी बताया गया है कि तत्काल टीम द्वारा अग्रत्तर अनुसंधान में 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ की जा रही है।

### कुपोषित बच्चों को किया गया चिन्हित

मधुबनी खजौली बिहार राज्य स्वास्थ समिति पटना द्वारा कुपोषित बच्चो को कुपोषण दूर करने को लेकर एन आरसी जयनगर में बच्चो को सही इलाज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के पोषक क्षेत्र में सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण एव आशा कार्यकर्ता रजनी देवी द्वारा क्षेत्र भ्रमण कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया.इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण ने ईनरवा पंचायत के वार्ड 12,13 गांव ईनरवा पुरव बढैई टोला में संतोष शर्मा व माता संध्या कुमारी के पुत्र संस्कार कुमार उम्र 7 वर्ष एव वीरेंद्र शर्मा व माता कन्हैया कुमार उम्र 2 कुपोषित बच्चें को चिन्हित कर उन बच्चें की अभिभावक को उत्प्रेरित कर 27 जून को निजी वाहन से एनआरसी जयनगर भेजने की बात कही .उन्होंने कहा कि सीएचसी में एम्बुलेंस चालक द्वारा हड़ताल पर चले जाने के कारण सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी निजी वाहन से कुपोषित वच्चे मरीज की तैयारी में जुटे है. वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक माह दो कुपोषित बच्चों को एनआरसी जयनगर में भेजना जरूरी है.

### दो लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वाकीपुर गांव से पुलिस ने दो लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान बांकीपुर गांव निवासी महेंद्र राय के पुत्र उदय कुमार के रूप में हुई है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारियां ने गिरफ्तार कारोबारी को उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेजने की बात कही है।

### बीडीओ ने आवास योजना का किया निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के कुढवा पंचायत में बीडीओ देवेन्द्र कुमार ने पीएम आवास योजना का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने जमीनी विवाद के कारण आवास निर्माण नहीं होने को लेकर गंभीरता से लेते हुए थाना पर जाकर जनता दरबार में आवेदन देने को कहा। ताकि आवास योजना का निर्माण हो सके। वहीं बीडीओ ने अपूर्ण आवास को अविलंब ही पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# प्रभारी पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण मनीगाछी अंचलाधिकारी मिले अनुपस्थित

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह उप निदेशक जन संपर्क सत्येन्द्र प्रसाद ने प्रखंड कार्यालय मनीगाछी का आज औचक निरीक्षण किया । उन्होंने सर्वप्रथम अशोक कुमार प्रखंड पंचायती राज अधिकारी के द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण एवं सोलर प्लेट संस्थापन के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्हें निर्देश दिया गया कि पंचायत सरकार भवन निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें । मनिगाछी प्रखंड में चार पंचायत में पंचायत सरकार भवन सु संचालित है ,शेष सभी पंचायत में भवन निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। प्रखंड पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जमीन संबंधी विवाद हो तो यथा शीघ्र अंचलाधिकारी से संपर्क कर समाधान करना सुनिश्चित करें। विभाग के द्वारा निर्धारित गुणवत्ता के तहत ही सोलर प्लेट संस्थापक करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित समय सीमा में प्रखंड के सभी चयनित वार्डों में सोलर प्लेट का संस्थापन किया जा रहा है। पंचायत सरकार भवन निर्माण एवं सोलर प्लेट के संस्थापन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई ।निरीक्षण के समय अंचलाधिकारी मनिगाछी उपस्थित नहीं पाए गए। कार्यालय में बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित नहीं थी। महिला सुपरवाइजर प्रीति कुमारी के द्वारा बताया गया कि प्रखंड में कुल 279 केंद्र हैं जिसमें 272 संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि जून में राशि नहीं आने से टी एच आर बंद है ।संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कार्यालय भवन की पूर्ण साफ सफाई करना सुनिश्चित करें। बाहर से आने वाले सम्मानित नागरिकों के लिए सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें। कार्यालय में लिपिक,कंप्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय परिचारी आदि उपस्थित पाए गए।

# प्रखंड़ स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली प्रखंड़ कार्यालय में वुधवार को बीडीओ लवली कुमारी के अध्यक्षता में प्रखंड़ स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य रूप में नामित के लिए बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक के दौरान बीडीओ लवली कुमारी ने प्रखंड़ स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा किये गए कार्य की समीक्षा की गयी. इस समीक्षा के दौरान अंचल कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र खजौली बाल विकास कार्यालय प्रखंड़ आपूर्ति कार्यालय मनरेगा कार्यालय प्रखंड़ शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड़ पशुपालन पदाधिकारी कृषि विभाग प्रखंड़ स्तर के सभी सहायक अभियंता प्रखंड़ समन्वयक स्व्च्छता खजौली ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव सहित अन्य विभाग की पदाधिकारियों के साथ कार्य की समीक्षा की.बीडीओ लवली कुमारी ने उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारियों से कहा कि अपने अपने विभाग की कार्य को प्रत्येक माह प्रखंड़ स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कार्य की उपलब्धता की जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे.उन्होंने कहा कि प्रखंड़ स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य रूप नामित पदाधिकारी द्वारा कार्य की अच्छी प्रदर्शन की जिला में रिपोर्ट करने की सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी अपने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने में शिथिलता बरतने पर वरीय पदाधिकारी द्वारा उन विभाग की पदाधिकारी पर विभागीय करवाई करने की सुनिश्चित करेंगे.इस बैठक के मौके पर सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण, सीओ मुकेश कुमार, एमओ प्रणव प्रकाश, सीडीपीओ राखी कुमारी, मनरेगा पीओ स्वेता कुमारी, प्रखंड़ पशुपालन पदाधिकारी मनीष कुमार, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार, पंचायत सचिव शशि रंजन ,बीईओ योगेंद्र चौधरी , कृषि समन्वयक विधा सागर सिंह, नाजिर प्रमोद भास्कर सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी एव कर्मी मौजूद थे।

# तीन दिवसीय सृजनात्मक लेखन कार्यशाला का हुआ समापन, बच्चों ने अपनी स्वरचित रचना का किया पाठ



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। किलकारी बिहार बाल भवन, जिला स्कूल छात्रावास,मुजफ्फरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सृजनात्मक लेखन कार्यशाला का समापन हो गया। आकाश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला ने बच्चों के भीतर छिपी साहित्यिक प्रतिभा को उजागर किया और उन्हें लेखन की दुनिया में एक नई दिशा दी। सृजनात्मक लेखन कार्यशाला में सिखाए गए गतिविधियों ने बच्चों के रचनात्मक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने सृजनात्मक लेखन कार्यशाला में कहानी लेखन की गहराइयों में गोते लगाये। बच्चों को कविता के विभिन्न प्रकार और उनके तत्वों के बारे में प्रशिक्षक आकाश कुमार के द्वारा हाइकु,टांका, मुक्तछंद, और लयात्मक कविता के उदाहरण देकर बच्चों को समझाया गया कि कैसे हर प्रकार की कविता का अपना एक अलग महत्व और सुंदरता होती है। कहानी लेखन के नियम (शुरूआत, मध्य, अंत) के बारे में बताया। बच्चों ने समूह में कहानी निर्माण की गतिविधि में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने अपनी कल्पनाशीलता को मिलाकर अद्वितीय कहानियाँ बनाई ।बच्चों ने अपनी स्वयं की कहानियाँ लिखीं और उसका पाठ भी किया, जिससे उनकी आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और उन्होंने एक-दूसरे की रचनाओं से प्रेरणा ली। सृजनात्मक लेखन कार्यशाला का तीसरा दिन बच्चों के लिए ज्ञान, प्रेरणा और आत्मविश्वास से भरपूर रहा। कहानी लेखन की विभिन्न तकनीकों और तत्वों को सीखकर बच्चों ने अपनी लेखन क्षमता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इस कार्यशाला ने न केवल बच्चों की लेखन क्षमता को निखारा बल्कि उन्हें साहित्य के प्रति एक नई दृष्टि और समझ भी प्रदान की। इस दौरान बच्चों ने न केवल नए साहित्यिक कौशल सीखे बल्कि उन्होंने अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की कला भी हासिल की ।प्रमंडल संसाधन सेवी नेहा कुमारी ने बताया कि यह कार्यशाला बच्चों के साहित्यिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, और इससे बच्चों को उनके भविष्य के सृजनात्मक प्रयासों के लिए प्रेरणा और दिशा मिली। तीन दिवसीय सृजनात्मक लेखन कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक पूनम कुमारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी स्नेहा रानी, प्रमंडल संसाधन सेवी नेहा कुमारी, कठपुतली प्रशिक्षक सुनील सरला, नामांकन प्रभारी सुजाता कुमारी,प्रशिक्षक रूपा पाठक, तन्नू प्रिया, मुस्कान कुमारी, अरुणिमा कुमारी,राजीव कुमार मौजूद थे बच्चों द्वारा स्वरचित काव्य पाठ का संचालन विक्रम कुमार के द्वारा किया गया। सृजनात्मक लेखन कार्यशाला के प्रशिक्षक आकाश कुमार एवं मुनटुन राज को बाल भवन किलकारी के बच्चों द्वारा बनाए गुलदस्ता एवं खिलौना भेंट कर सम्मानित किया गया ।धन्यवाद ज्ञापन सरस्वती देवी द्वारा दिया गया।

# नशीली दवाओं का इस्तेमाल या व्यापार करना दोनों ही दंडनीय है : सत्र न्यायाधीश



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा) ।नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में शपथग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि नशीली दवाओं का इस्तेमाल करना या उसका व्यापार करना दोनों हीं कानून के खिलाफ है और दंडनीय है। इसके इस्तेमाल से मानसिक एवं शारिरिक स्वास्थ्य की हानि होती है। लगभग सभी लोग इन बातों से परिचित हैं परंतु फिर भी समाज में चोरी छुपे इसका इस्तेमाल एवं अवैध तस्करी होती है। जिला जज ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग को हमलोग जागरूकता के जरिए रोक सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी, न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं आदि को इसके लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम माधवेन्द्र सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय ऋषि गुप्ता, एसीजेएम संगीता रानी, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट रोहित कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे। दूसरी ओर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार परियोजना बालिका उच्च विद्यालय एवं बेनीपुर उपकारा में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र एवं उपकारा में विनय कुमार झा ने जागरूकता कार्यक्रम के जरिए नशीली दवाओं अथवा मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान से अवगत कराया।

# विद्युत समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । कांटी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में विद्युत समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं के ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुधवार पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में उपभोक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल अधीक्षण अभियंता से मिला एवं उन्हें एक ज्ञापन सोपा। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता से ज्ञापन में वर्णित समस्याओं का त्वरित निदान करने की मांग की।

पूर्व मंत्री श्री कुमार ने अधीक्षण अभियंता से बताया कि वर्ष 1962 में कांटी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में विद्युतीकरण का कार्य हुआ था। उक्त कार्य हुए 50 वर्ष से अधिक बित गए ,11 के भी लाइन का हालात काफी जर्जर हो गया है जिस वजह से विद्युत आपूर्ति लगातार प्रभावित रहता है ।इतना ही नहीं लोड बढ़ने के कारण लगातार ट्रांसफार्मर जल रहे हैं, वही विद्युत उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है । ऐसी स्थिति में ज्ञापन में वर्णित स्थानों का 11के वी ए लाइन का कंडक्टर बदलने, लो वोल्टेज से प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, पूर्व से लगे ट्रांसफार्मर का क्षमता बढ़ाने प्रभावित स्थानों पर नया ट्रांसफार्मर लगाना नितांत आवश्यक है ।अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना एवं त्वरित निदान कराने का आश्वासन दिया ।ज्ञापन में क्षेत्र के बिशुनपुर सुमेर, नरसंडा चौक, नरसंडा चौक ओवरब्रिज के पास, लसकरीपुर राम जानकी मठ, लसकरीपुर एन एच 28, छपरा पेट्रोल पंप के पास, लसकरीपु पंचायत भवन, सदादपुर शिव मंदिर , सदादपुर रेलवे क्रौसिंग, बरियारपुर, कलबारी बांध, मधुवन दलित टोला, मधुवन सरकार भवन, पकड़ी विधालय के पास,पाहाड़पुर हाट, पाहाड़पुर बाजार, मिठनसराय सहनी टोला,कपरपुरा राम टोला, छपरा डॉक्टर चंद्र केतु के घर के पास, कलवारी अशोक चौधरी के घर के पास, सिरसिया गुमटी, ल्लइस्त्रू कॉलोनी बांध के पास , कलवारी अशोक चौधरी के घर के पास सरदारपुर न्यू वाईपास एन एच 77, सिरसिया गुमटी के पास ट्रांसफरमर का क्षमता बढ़ाने एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, वही क्षेत्र के चौर नरसंडा, नरसंडा पोखर, बरियारपुर सिरसिया, नरसंडा चौक, डॉक्टर रणधीर कुमार के घर के पास, कपरपुरा टरमा बाजार , छपरा गांव, लश्करीपुर बंद ,कलवारी बंद, अमरदीप पेट्रोल पंप के पास, सदरपुर गांव, मधुबन यादव टोला मैं 11 के वी ए का जर्जर तार बदलने का उल्लेख किया गया है।

# विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने अपने संदेश में कहा है कि 26 जून को प्रत्येक वर्ष विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत रूप से प्राणघातक तो है ही, साथ ही यह भावी नस्लों के लिए अधोपतन का रास्ता भी खोलता है। यह दिवस हमें मादक पदार्थों के दुरूपयोग से होने वाले दुष्परिणामों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की प्रेरणा देता है, तथा इसके निवारण हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों एवं अभियानों की पुनर्समीक्षा का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस अभियान को सफल बनाने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस बुराई से बचाव करना सभ्य समाज की पूर्ण जिम्मेवारी भी है।

# भाषा-साहित्य व नाटक के क्षेत्र में कैरियर पर विस्तृत व्याख्यान आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई द्वारा संचालित हो रहे सर्जना निखार शिविर मे व्यक्तित्व विकास के वर्ग में भाषा-साहित्य एवं नाटक के क्षेत्र में कैरियर पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए दरभंगा के शिक्षाविद और नाटक-सिनेमा के जानकर डा सत्येंद्र कुमार झा ने इस क्षेत्र में रोजगार की अनेक संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाषा और साहित्य के क्षेत्र में निपुणता हासिल कर मीडिया सहित शिक्षा, अनुवाद, प्रूफ जांच जैसे कार्यों में अपने रोजगार की तलाश कर सकते हैं ।इन सभी क्षेत्रों में आर्थिक सुरक्षा के साथ एक अलग पहचान भी बनाया जा सकता है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के इस दौर में नाटक भी रोजगार का माध्यम बन सकता है। वही आज मिथिला पेंटिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षिका चंदा देवी द्वारा कपड़े पर पेंटिंग बनाने की तरीको से अवगत करवाया। मेहंदी का प्रशिक्षण रिंकी शर्मा जी और संगीत का वर्ग शिवम पोद्दार ने लिया। फाइन आर्ट का वर्ग नूतन कुमारी ले रही थी। वही नृत्य का अभ्यास नृत्यर्पण नुपुर कलाश्रम की प्रशिक्षिका श्रेया भारद्वाज द्वारा करवाया गया ।इस अवसर पर सहयोग में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप, कार्यक्रम संयोजक सोनम कुमारी, सुमेधा श्री सहित दर्जनों कार्यकर्ता सहयोग में उपस्थित थे।

# महिला विकास मंच मधुबनी को मिला राष्ट्रीय एकता सेवा सम्मान,कार्य का है चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर के मारवाड़ी विवाह भवन के सभागार में अखिल भारतीय रोटी बैंक जयनगर के छठे वर्षगांठ समारोह के अवसर राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए सामाजिक महिला विकास मंच मधुबनी के जिला अध्यक्ष सह बिहार प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष के पुरे टीम को राष्ट्रीय एकता सेवा सम्मान से नवाजा गया,अंगवस्त्र मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया गया। मौके पर रोटी बैंक जयनगर के मेंबर सहित कई पुलिस पदाधिकारी समाजसेवी मौजूद रहे ।कई राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित होकर भाग लिये कार्यक्रम में पूरे देश के 150 से ज्यादा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी को जो जमीनी स्तर पर काम करता है उन सभी को सम्मानित किया गया ।कई सामाजिक संगठन के पदाधिकारी ने मिथिला की धरती पर यह सम्मान मिलने पर हर्ष भी व्यक्त किये है ।उसी बीच आए हुए अतिथि क्रिप्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर मर्ग हूब नियाज जी भरे मंच पर महिला विकास मंच मधुबनी जयनगर कार्य को अपने मुख्य आवाज में कुछ दिन पूर्व जयनगर थाना के पैंथर पर गोली कांड हुआ था जिसमें दो पैंथर को गोली लगा हुआ था उसमें भी महिला विकास मंच मधुबनी ने अपना भूमिका दोनो पैंथर पुलिस को जान बचाने को लेकर , जयनगर, हॉस्पिटल से मधुबनी हॉस्पिटल या हो दरभंगा पारस हॉस्पिटल तक कॉपोरेंट किये थे। या देखा जाए तो एंबुलेंस में लोड करके मधुबनी पहुंचाना , या समय-समय पर दोनों का हाल-चाल लेना दोनों के परिवार से मिलना या दोनों के अस्पताल से डिस्चार्ज करना उनके परिवार के साथ मिलकर स्थिति स्थिति को देखना यह मानवता का परिचय महिला विकास मंच के कोर कमेटी ने निभाया है जो दोनों का परिवार भी अपने शब्दों में धन्यवाद ज्ञापन किये हैं। जो जयनगर अनुमंडल से लेकर जिला तक चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना के अध्यक्ष से लेकर बड़े पदाधिकारी तक धन्यवाद ज्ञापन किए हैं। वही सम्मानित किये रोटी बैंक रोजाना रात को स्टेशन परिसर में असहाय लोगों को खाना खिला है उसमें भी साथ रह कर भूमिका निभाते हैं महिला विकास।

# एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत लोगों ने किया वृक्षारोपण

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान के तहत एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम पर बुधवार को प्रखंड के केवटगामा में एफपीओ संस्था के सौजन्य से वृक्षारोपण किया गया। संस्था के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुखिया ने छायादार पीपल का पौधा लगाकर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। संस्था के बीओडी सदस्य रामशरण यादव ने कहा कि दिन प्रतिदिन पेड़ों की घटती संख्या से पर्यावरण पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जबकि पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति तिथि 23 जून से जन्म दिवस 6 जुलाई तक पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को एक वृक्ष लगाने का अपील किया। मौके पर संस्था के निदेशक मन्नु चौधरी, कोर्डिनेटर कुमार राज, शिक्षक लखविन्द्र राम,मनीष कुमार राम, लेखापाल बौए लाल यादव,मनीष कुमार राय, बैजनाथ मुखिया, कमलेश राय, संजय दास सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोकतंत्र के लिए सुखद संदेश है ओम बिरला का निर्विरोध निर्वाचन : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।लोकसभा अध्यक्ष के पद पर दुबारा कोटा के सांसद ओम बिरला का निर्विरोध निर्वाचन भारतीय लोकतन्त्र के लिए एक सुखद संदेश है। श्री बिड़ला के अनुभव और ज्ञान से देश के सभी सांसदों को सीखने का अवसर मिलेगा ।

संसद डा गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा अध्यक्ष के पद पर उनके निर्विरोध निर्वाचन के बाद उन्हें बधाई देते हुए उपरोक्त उदगार व्यक्त किए।श्री ठाकुर ने लोकसभा अध्यक्ष के रुप में बिड़ला को एक अनुभवी पारदर्शी तथा निष्पक्ष बताते हुए कहा की पिछली लोकसभा को इन्होंने जिस ढंग से सुचारू रूप से संचालन किया उसकी जितनी तारीफ की जाय वह कम है तथा उसी का परिणाम है की आज पक्ष विपक्ष सभी दलों ने एक मत से इन्हे स्वीकार किया है। सांसद ने देश के पीएम नरेंद्र मोदी एवं उनकी टीम को भारतीय लोकतन्त्र का सजग सक्षम एवं सामर्थ्यवान रक्षक बताते हुए कहा की आजादी के बाद जबसे भाजपा और एनडीए की सरकार ने सत्ता पर काबिज हुई है भारतीय हितों की दिनानुदिन बढ़ोत्तरी हो रही है और आनेवाले समय में यह विश्व के मानसपटल पर एक कीर्तिमान स्थापित करेगा ।सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा अध्यक्ष के रुप में श्री बिड़ला के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं

# छिटपुट बारिश से लुढ़का तापमान, दो दिनों में 7।5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले में बुधवार की सुबह हुई हल्की बारिश के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। हालांकि दोपहर के बाद एक बार फिर से तेज धूप निकली, लेकिन बारिश के कारण उसका असर अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहा। 9 मई के बाद पहली बार जिले में 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचा। इससे लगभग डेढ़ महीनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे जिले वासियों को राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग के द्वारा आने वाले दो-तीन दिनों जिले में भारी बारिश को लेकर विशेष रूप से कोई संभावना या चेतावनी जारी नहीं की गई है। हालांकि 28 जून से 30 जून के बीच राज्य के अधिकांश जिलों में तेज रफ्तार के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान तेज मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की भी संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3।8 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 30।5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान में सामान्य से 0।9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई और यह 27।5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 93 फीसदी व दोपहर में 79 फीसदी रहा। इस दौरान 18।3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चली। बता दें कि पिछले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 7।5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिली है। मंगलवार को जहां अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था, वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा था। हालांकि न्यूनतम तापमान की स्थिति अब भी पहले के जैसी बनी हुई है और बुधवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान के बीच मात्र तीन डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा।

# सीनियर सिटीजन काउंसिल का 32 वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सीनियर सिटीजन कौंसिल मुजफ्फरपुर का 32 वा वार्षिक स्थापना दिवस समारोह काउंसिल कार्यालय आर्य कुमार सभा परिसर पराव पोखर रोड आमगोला मुजफ्फरपुर में मनाया गया । अध्यक्षता इं. कृष्ण कुमार प्रसाद, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष ने की। समारोह में सामान्य रूटिंग कार्य सहित संगठन को और सशक्त, समृद्ध बना - सरकार के जनहित में बयोश्रेष्ठ नागरिकों, आमजनों के हित में किए जाने वाले लाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना व उसे कार्यान्वित करने-कराने में अपनी सहभागिता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित कर शेरपुर में वृद्धाश्रम सहित अन्य निर्माण कार्य के लिए पूर्व में चिह्नित 18डिसमल गैरमजरुआ जमीन का एनओसी देने की मांग की गई । इसके अतिरिक्त बयोश्रेष्ठ नागरिकों को पूर्ववत रेलयात्रा में प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी के टिकट में कंसेशन बहाल करने की भी मांग केन्द्र सरकार से की गई। इस कार्यक्रम में के के प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद वर्मा, डॉक्टर शारदा चरण प्रसाद, नरेश चौधरी, मुरली सिंह, मोहम्मद माहिर अब्दुल मनीर, परशुराम सिंह, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव, देवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, प्रेम कुमार वर्मा, नागेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, इंजीनियर अच्युतानंद प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद वर्मा, अवधेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन प्रेम कुमार वर्मा ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सांप काटने से एक व्यक्ति की बिगड़ी तबीयत

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के करहरा गांव में खेत में काम करने के दौरान एक व्यक्ति को जहरीला जीव ने काट लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई जिसे उसके पति के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां उसका इलाज किया गया जिसके बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ। तबीयत बिगड़े व्यक्ति की पहचान भागीरथ दास के रूप में हुई है। भागीरथ दास की पत्नी ने बताया कि मेरा पति खेत में काम कर रहा था कि तभी उसे सांप ने काट लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो अस्पताल में लाकर इलाज करवाया।

### तीन ओवर लोड ट्रक जब्त

मधेपुराअवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लेकर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने तीन ओवर लोड वाहन को जब्त कर कार्रवाई किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पुलिस ने खलीफा टोला उत्पाद चेक पोस्ट पर अवैध खनन को लेकर कई वाहनों के कागजात का जांच पड़ताल किया इस दौरान भागलपुर जिला के सीमा से मधेपुरा जिला के सीमा में प्रवेश कर रहे तीन ओवर लोड बालू लदा हाइवा को रोककर जांच पड़ताल किया और बालू से संबंधित कागजात की मांग चालक से की गई तो चालक के द्वारा खनन विभाग से संबंधित कागजात नही दिखाया गया। जिस कारण बीआर 51जी 6144, बीआर 10जीबी 7359, जेएच 04 एबी 3568 को जब्त कर थाना लाया गया और प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### लू लगने से दो युवक मूर्छित

मधेपुरा कुमारखंड प्रखंड के दो अलग अलग जगह बुधवार को दो युवक को लू लगने से मूर्छित होकर बेहोश हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा। बताया गया कि बिशनपुर गांव वार्ड नंबर दो निवासी मो 0अरबाज को लू लगने से मूर्छित होकर बेहोश हो गया।जबकि पुरैनी पंचायत स्थित सरहद गति वार्ड नंबर दो निवासी निशार आलम को लू लगने से मूर्छित होकर बेहोश हो गया। मो. अरबाज और मो.निशार को परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है।

# किन्नरों के साथ दो पुलिसकर्मी ने घर में घुसकर किया बदसलूकी, बनाया बंधक

## एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस कर रही अनुंसाधन, दोषी होने पर कि जाएगी विभागीय कार्रवाई

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [झाझा] किन्नर के घर में दो पुलिसकर्मी के घुसने और किन्नरों के साथ बदसलूकी किए जाने पर किन्नर के द्वारा दोनो पुलिसकर्मी को पकड़कर बंधक बनाने का मामला सामने आया है। मामला थानाक्षेत्र के चितोचक क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी अनुसार झाझा थाना में पदस्थापित दो पुलिसकर्मी मंगलवार की देर शाम को किन्नर के घर में घुसकर जबरन किन्नर के साथ बदसलूकी कर रहा था जिसके बाद मकान में रहने वाले सभी किन्नर एकजुट होकर दोनो पुलिसकर्मी को पकड़ने की कोशिश किया दोनो पुलिसकर्मी मौके स्थल भागने लगा तभी एक पुलिसकर्मी को किन्नर ने पकड़ लिया तो दूसरा पुलिसकर्मी किन्नर के आक्रोश के डर से पास में एक कुंआ में कूद गया जिसके बाद उसे बाहर निकालकर दोनो पुलिसकर्मी को बांधकर रखते हुए पुलिस को घटना की सूचना दी। किन्नर ने बताया कि दोनो पुलिसकर्मी दो दिन से घर के पास आकर मंडरा रहता है। सोमवार की संध्या में जब हमलोगों ने दोनो पुलिसकर्मी से पूछा तो वे दोनो पुलिसकर्मी हमसभी किन्नरों से रूपए देकर शारीकिर संबंध बनाने की बात किया जिसपर हमलोग गुस्सा हो गए तो उनलोगों ने अपने आप को जमुई पुलिस बताते हुए हमलोगों को डराने धमकाने लगा और बोला कि हमलोगों को रहना मुश्किल कर देने की धमकी भी दिया।किन्नरों के द्वारा दोनो पुलिसकर्मी को बंधक बनाए जाने की सूचना झाझा पुलिस और डायल 112 की पुलिसटीम को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो बंधक बनाए पुलिसकर्मी को किसी तरह से किन्नरों से छुडाकर थाना लाया। मामले को लेकर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि फिलहाल दोनो पुलिसकर्मी के खिलाफ किसी तरह का आवेदन नही मिला है। लेकिन पुलिस अपने स्तर से अनुसंधान कर रही है। दोनो पुलिसकर्मी दोषी पाए जाते है तो विभागीय कार्रवाई कि जाएगी।

# ऑनलाइन ऐप पर उपस्थिति बनाने में परेशान रहे शिक्षक

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।मंगलवार को ऑनलाइन एप पर उपस्थिति बनाने के लिए प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक परेशान हो रहे है। कहीं मोबाइल में नेटवर्क गायब तो कहीं गलत लोकेशन बता रहा है। विभाग बिहार सरकार के आदेश के आलोक में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अपने मोबाइल में ई-शिक्षा कोर्स एप डाउनलोड कर उपस्थिति बनानी थी। लेकिन अधिकांश शिक्षकों का एप नहीं खुल पा रहा है। जबकि विभाग का आदेश था कि कम से कम एक शिक्षक की उपस्थिति ट्रायल के रूप में बबानी जरूरी है।प्राथमिक, उत्क्रमित,उच्च विद्यालय,माध्यमिक विद्यालय के शिक्षको का कहना है कि सभी शिक्षक समय पर पहुंच अपने-अपने मोबाइल से उपस्थिति बनाने के लिए कोशिश करते रहे पर अधिकांश जगह एप खुल ही नहीं रहा है।यही नहीं एक ही विद्यालय परिसर में अलग-अलग शिक्षकों के मोबाइल से विद्यालय की दूरी अलग-अलग बता रहा था। किसी का 5 किलोमीटर तो किसी को सात तो किसी का 8 किलोमीटर दूर बता रहा था,जबकि विद्यालय परिसर से ही एप खोल रहे थे। आगे देखना होगा कि ई- शिक्षा कोर्स एप से शिक्षकों की उपस्थिति बनाना कितना कारगर साबित हो रहा है। हालांकि इस ऐप को शिक्षा विभाग के द्वारा लागू किए जाने से छात्रों के परिजन खुश नजर आए।

# निर्वाचन 2024-26 सत्र को ले 11 जुलाई को आम सभा करने का लिया निर्णय



प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज, मधेपुरा उदाकिशुनगंज बार एसोसिएशन वकालत खाना परिसर में एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनकांत ठाकुर के अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर एसोसिएशन निर्वाचन 2024_26 सत्र को लेकर आगामी 11 जुलाई को आम सभा करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान विकास कार्य की चर्चा व आमदनी और खर्च पर समीक्षा हुई। अंकेक्षक चंद्र मोहन वर्मा एवं संतोष कुमार को 8 जुलाई तक अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष उदय शंकर झा, महासचिव परमानंद यादव, संयुक्त सचिव अनीता आचार्य, जयप्रकाश नारायण सिंह, तपेंद्र मेहता, राजेंद्र मंडल, विनोद कुमार मेहता, संजय कुमार, मुकेश कुमार, गणेश राय, सुनील कुमार पासवान, प्रशांत कुमार, प्रभास कुमार, शिवकुमार यादव, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

# अच्छी पहल: 20 हजार के कृषि यंत्र खरीदने पर भू स्वामित्व प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं

- 75 प्रकार के कृषि यंत्र पर अनुदान

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।जिले के गरीब व मध्यम वर्गीय किसानों के लिए अच्छी खबर है। किसानों को अब 20 हजार से कम राशि के कृषि यंत्र खरीदने में परेशानियों का सामना नहीं करना होगा।पहले उन्हें कई प्रकार के कागजात की जरूरत पड़ती थी। किसानों को 20 हजार रूपए और इससे कम अनुदान वाले कृषि यंत्र खरीदने के लिए भू स्वामित्व प्रमाण पत्र(एलपीसी) देने की अनिवार्यता नहीं है। लगान रसीद 2024-25 का उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में 2023- 24 या 2022-23 का रसीद रहने पर भी अनुदानित दर पर कृषि यंत्र खरीदने के लिए किसान आवेदन कर सकते हैं। 75 प्रकार के कृषि यंत्रों का अनुदान मिलेगा।जिसको लेकर कृषि विभाग 2024-25 वित्तीय वर्ष में 75 प्रकार के कृषि यंत्रों पर किसानों अनुदान देगा। एससी-एसटी वर्ग के किसानों को 60 से 75 प्रतिशत तक और सामान्य वर्ग के किसान को 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। छोटे किसानों को एक हजार रूपए मूल्य तक के छोटे कृषि यंत्र खुरपी, कुदाल,हंसिया आदि खरीद पर 80 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी गई है। बटायेदार किसान को मिलेगा लाभ बता दें कि विभाग के इस व्यवस्था से कृषि यंत्रीकरण काफी तेज गति से होगा। विशेष रूप से जहां पर पराली जलाने के मामले अधिक होते हैं परंतु यदि ऐसा रहा तो कृषि यंत्रों के उपयोग से पराली जलाने के मामले में भी कमी आ सकती है। वहीं विभाग ने कृषि यंत्रीकारण को तेज करने के लिए अच्छी पहल की है। बता दें कि इस व्यवस्था से गैर रैयत किसान अर्थात बटायेदार किसान को कृषि यंत्र खरीदने में मदद मिलेगी। पराली वाले यंत्र पर भी अनुदान खेतों में पराली जलाने से रोकने में कृषि यंत्र की महत्वपूर्ण उपयोगिता है। पराली प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर राज्य सरकार अनुदान दे रही है। खेतों में पुआल जलाने से रोकने संबंधी कृषि यंत्र हैप्पी सीडर,सुपर सीडर,स्ट्राँ बेलर रीपर,रोटरी मल्चर,रोटरी सलेशर,जीरो टिलेज,पैडी स्ट्रा चापैर, स्ट्रा रीपर,ब्रश कटर, रिवरसेबुल एमबी प्लांड कृषि यंत्रों पर भी अनुदान दिया जाएगा। इससे किसानों को लाभ मिलेगा।

# बहन के घर पूजा में शामिल होने आई छोटी बहन के साथ युवक ने किया दुष्कर्म




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] धमना पंचायत क्षेत्र के एक गांव में बहन के घर पूजा में शामिल होने के लिए उसकी छोटी बहन के साथ पहले मारपीट कि गई और उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ पीड़िता सोनो थानाक्षेत्र की रहने वाली ने झाझा थाना में आवेदन भी दिया। जिसमें उसने बताई कि मै अपने बहन के घर पूजा में शामिल होने के लिए आई थी। पूजा के क्रम में रात्रि में गांव की रहने वाली पचिया देवी आकर मुझे गाली गलौज करने लगी और मेरे साथ मारपीट किया। जब मेरी बहन मुझको बचाने के लिए आई तो उक्त महिला ने उसके साथ भी मारपीट किया और मेरे अलावे मेरी बहन के गले से सोने का ताबीज और चांदी का चैन छिन लिया। इसी बीच लुआ यादव आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा तथा बहियार में मुझे ले जाकर मारपीट करते हुए मुंह में कपड़ा ठूंसकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि मेरी बहन लोगों को पूरी बात बताई तो गांव के लोग बहियार की ओर पहुंचा तो वे लोग भाग निकला। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# मध्य विद्यालय चौसा का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) चौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय चौसा का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र झा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक मौजूद थे। उन्होंने विद्यालय शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, मध्याहन पंजी, पाठ टीका का गम्भीरता से जांच की।बच्चों की काफी उपस्थिति देखी गई। उन्होंने सभी वर्ग कक्षा में बारी-बारी से प्रवेश कर पढ़ा रहे शिक्षकों की गुणवत्ता का भी जांच किया। उन्होंने छठीं कक्षा में पढा रहे शिक्षक से किताब लेकर कुछ बच्चे से कई प्रश्नों को रख उनकी मेधा का अवलोकन किया।बच्चों के दिये जवाब से काफी संतुष्ट हुए। इसके बाद छात्र डायरी का भी अवलोकन किया और इसके सही तरीके से प्रयोग एवं रखरखाव के बारे में बच्चों को बताया। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर बच्चों से भी पूछताछ किये। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चे देश के भविष्य होते है। पठन पाठन में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तभी सम्भव है जब आप ईमानदारी से पढ़ायेंगे। बीईओ ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई में दिक्कत हो तो बेहिचक अपने शिक्षकों से जानकारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में रूटीन, सभी स्तर की संचिका, अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। पठन-पाठन में ब्लैक बोर्ड का अधिक से अधिक उपयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही रूटीन के साथ घंटी बजाना अनिवार्य बताया।साफ सफाई का भी जायजा लिया। प्रधानाध्यापक विजय पासवान को और बेहतर ढंग से विद्यालय संचालित करने का निर्देश दिया। मौके पर बीआरपी ओमप्रकाश परवे, विद्यालय के शिक्षक अमीम आलम, संजय कुमार सुमन, बिंदु कुमारी, संजीवानंद, रेहाना खातून, उमेश प्रसाद यादव, पुरुषोत्तम कुमार, शुभम कुमारी, विंदुला कुमारी उपस्थित थे।

# पलसा खुर्द गांव में दो पक्षों में मारपीट जमकर दोनों तरफ से हुई रोड़ेबाजी

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः-, चंद्रदीप थानांतर्गत पलसा खुर्द गांव में दो पक्षों में मारपीट एवं रोड़ेबाजी हुई, कुछ बातों को लेकर दौलती देवी पति अरविंद चौधरी ग्राम पलसा खुर्द थाना चंद्रदीप जिला जमुई के साथ मोड्ड फरहान पिता मोड्ड लईक ग्राम पलसा खुर्द थाना चंद्रदीप जिला जमुई के साथ कुछ बातों को लेकर झगड़ा हुई थी। लोगों ने बताया की पलसा गांव के एक महिला दौलती देवी अपने माथे पर धमकोला लेकर रास्ते से गुजर रही थी। तभी मोड्ड फरहान जो दिमागी हालत से कमजोर है वह धामकोला को खीच लिया। तभी वहां पर चार पांच लोग उस लड़के के साथ मारपीट किया। तभी वह घर जाकर बोला तब मोड्ड फरहान के परिवार लोग आया उसे के बाद दोनो तरफ से मारपीट होने लगा। तभी कुछ लोगों के द्वारा दरावा गांव के लोगों को सूचना मिलते ही दरावा गांव से दर्जनों लोग पलसा गांव आकर रोड़ा पत्थर चलाने लगा। तभी दोनों तरफ से रोड़ा पत्थर चलना शुरू हो गया।,तभी आसपास के स्थानीय साक्षियों से बातचीत के क्रम में यह जानकारी मिली कि दोनों पक्षों द्वारा ग्राम दरावां थाना कौवाकोल जिला नवादा में पहले झगड़ा हुआ था। वहां ग्रामीणों द्वारा मामला शांत करा दिया गया था। उसके बाद पलसा खुर्द (थाना चंद्रदीप, जिला जमुई) में झगड़े की घटना होने के पश्चात इस झगड़े के बाद पुनः ग्राम दरावां थाना कौवाकोल जिला नवादा में दोनों समुदाय के लोगों द्वारा दोनों तरफ से पत्थरबाजी किया गया है। घटना के तुरंत बाद चंद्रदीप थाना एवं कौवाकोल थाना दोनों द्वारा संयुक्त रूप से दरिमा और पलसा खुर्द दोनों सीमावर्ती स्थानों में कैम्प कर विधि-व्यवस्था की अक्षुण्णता सुनिश्चित की गई है।वहीं कौवाकोल पुलिस ने इस मामले में तीन लोगो को गिरफ्तार कर मामले मामले की जांच में जुटी गई है । वही जमुई पुलिस सभी नागरिकों से किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में विधि-व्यवस्था संधारण और अपराध निवारण में सहयोग की अपील करती है।

# शिव-पार्वती मंदिर से मां पार्वती की प्रतिमा में लगे चांदी की मुकुट की हुई चोरी

## मंदिर में सीसीटीवी कैमरा नही लगने के कारण चोरी का कुछ भी नही चल सका पता

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] नगर क्षेत्र के पुरानी बाजार गांधी चैक पर अवस्थित शिव पार्वती में अज्ञात चोरों ने मां पार्वती की प्रतिमा में लगे चांदी की मुकुट की चोरी कर ली है। मामला लोगों को तब पता चला जब कुछ भक्त मां की पूजा अर्चना के लिए पहुंचे देखा कि मां पार्वती का मुकुट गायब है जिसके बाद लोगों के बीच चोरी होने की हो हल्ला हुआ तो मंदिर से सटे आसपास के दुकान, स्थानीय लोग मौके स्थल पर पहुंच गए। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह सबसे पहले पंडित ने पूजा किया तो उस वक्त मां पार्वती का मुकुट था लेकिन एक घंटे के अंदर किसी चोर ने भक्त बनकर मंदिर से मां पार्वती की मुकुट की चोरी कर लिया। मंदिर में सीसीटीवी कैमरा नही लगे रहने से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर का पता नही चल पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंडित के कथानुसार सुबह लगभग सात बजे भक्तों की उतनी भीड नही थी जिसका फायदा चोर ने उठाया है। लोगों ने कहा कि यह घटना की जितनी निंदा कि जाए वह कम है क्योकि इस मंदिर में सुरक्षा की कमी का फायदा उठाते हुए धार्मिक स्थल से मुकुट की चोरी चोरो के द्वारा कर ली गई है। अन्य लोगों ने कहा कि मंदिर के बाहर थाना का सीसीटीवी कैमरा बंद है अगर चालू रहता तो पता लग सकता था कि मंदिर से मुकुट की चोरी किसने किया। मंदिर से चोरी कि गई चांदी की मुकुट कि कीमत लगभग दस हजार रूपए बताया गया। वही घटना को लेकर लोगों ने पुलिस को सूचना देने की बात भी किया। मंदिर में मां की मुकुट की चोरी होने पर लोगों के बीच तरह तरह की चर्चा भी कि जा रही है।

# 15 वर्षों बाद भारत लोटा दुर्लभ पक्षी



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई /सोनो बड़ी संख्या में अति दुर्लभ पक्षी स्किमर बर्ड जमुई के सोनो प्रखंड क्षेत्रों में देखा जा रहा है । पंद्रह वर्षो बाद जमुई की धरती पर अति सुन्दर ओर आकर्षक कलर के इस पक्षी को देखे जाने पर वन विभाग के साथ ही पर्यटकों में खुशियां देखी जा रही है ।

बताया जाता है कि इन पक्षियों के आश्रयनी बने नागी नकटी डेम से भोजन की तलाश में विचरण करते हुए आते हैं । देश विदेश से आने वाले पर्यटक इस दुर्लभ पक्षी द्वारा नागी नकटी डेम में किए जा रहे कलरव को देख मंत्रमुग्ध हो जाते हैं । पंद्रह वर्षो बाद भारत वापस लोटा विदेशी मेहमान का नाम इंडियन स्किमर बर्ड है , जिसका बड़े बड़े चोंच सफेद गर्दन और काले काले पंख लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है , जिस कारण यह पक्षी पर्यटकों के चेहरों पर रौनक लाने के लिए काफी है । बताया जाता है कि नदियों ओर तालाबों के समिप बढ़ते प्रदुषण के कारण यह पक्षी चीन चला गया था , लेकिन 15 वर्षों के बाद इस प्रजाति का जोड़ा वापस लोट आया है ।

विलुप्त की कगार पर पहुंच चुके इस प्रजाति के पक्षी चीन से लोटकर बिहार के जमुई जिला स्थित झाझा थाना क्षेत्र अंतर्गत नागी नकटी डेम में आई हे ।जिसकी एक झलक पाने के लिए लोग नागी नकटी डेम पहुंच रहे हैं ।

दुर्लभ प्रजाति का दर्जा प्राप्त इस पक्षी के बारे में बताया जाता है कि यह पक्षी पानी की जल स्त्रोत के समिप जोड़े के रूप में वास करते हैं तथा यह खासकर छोटे छोटे किट पतंग ओर मछली इनका प्रमुख भोजन है ।

इसका सिर काली ओर चोंच पीली कलर के रहने के कारण यह देखने में काफी आकर्षक लगती है । यह अपनी भोजन की तलाश में उड़कर दुर दुर तक चले जाते हैं । ज्ञातव्य हो कि प्रवासी पक्षियों का आश्रयनी बने नागी नकटी डेम में नवंबर माह से सैलानियों का आना प्रारंभ हो जाता है ,

पक्षियों से प्रेम करने वाले जर्मनी , श्रीलंका आदि विभिन्न देशों से आने वाले सैलानियों के लिए यहां कई प्रकार की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है । जिसमें इन पक्षियों को अपने काफी नजदीक से देखने के लिए कई प्रकार के यंत्र लगाया गया है । जिससे इन पक्षियों के नजदीक गये बीना उनके द्वारा किए गए क्रिया कलापों को साफ देखा जा सकता है । साथ ही पर्यटकों को नौका विहार के द्वारा भी उन्हें इन पक्षियों का दीदार कराया जाता है ।

# 70 लाख रुपए की राशन गवन के आरोप में तीन पीडीएस डीलर पर केस

प्रात: किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के चित्ती पंचायत के दो जन वितरण दुकानदार के खिलाफ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सरकारी अनुदानित खाद्यान्न गवन के आरोप में केस दर्ज किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार के निर्देश पर एमओ अभिजीत आनंद द्वारा 12 जून को चित्ती पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता जगदीश यादव के दुकान की जांच की गई थी। जांच के दौरान भंडार गृह खाली पाया गया। इस दौरान पोस मशीन जांच करने को मांगा गया तो उन्होंने पोस मशीन नहीं दिया। जिसके बावजूद आवंटित खाद्यान्न से मिलान किया गया तो 217.92 क्विंटल गेहूं एवं 508.58 क्विंटल चावल गायब पाया गया। दुकानदार से पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इससे ऐसा प्रतीत हुआ की जन वितरण दुकानदार जगदीश यादव द्वारा 26 लाख रुपया सरकारी अनुदानित खाद्यान्न का गवन कर लिया गया। इसके साथ ही चित्ती पंचायत के ही जन वितरण दुकानदार दिलीप राम के दुकान की भी जांच की गई। जांच के क्रम में भंडार खाली पाया गया। जबकि उनके पोस मशीन में 218.99 क्विंटल गेहूं एवं 611.84 क्विंटल चावल प्रदर्शित हो रहा था। खाद्यान्न के संबंध में पूछने पर दुकानदार दिलीप राम के द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इस दौरान एमओ द्वारा पोस मशीन की मांग करने पर मशीन देने से इनकार कर दिया। वही परमानंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भतरंधा परमानपुर पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता गन्नू ऋषिदेव के दुकान की 24 जून को एमओ के द्वारा जांच किया गया। जांच के दौरान भंडार गृह खाली पाया गया। इस दौरान पोस मशीन की भी जांच की गई। जिसके बावजूद आवंटित खाद्यान्न से मिलान किया गया तो 90..94 क्विंटल गेहूं एवं 284.24 क्विंटल चावल गायब पाया गया।दुकानदार से पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इससे ऐसा प्रतीत हुआ की जन वितरण दुकानदार गन्नू ऋषिदेव के द्वारा 14 लाख रुपया सरकारी अनुदानित खाद्यान्न का गवन कर लिया गया।

इस परिपेक्ष्य में घैलाढ़ ओपी में चित्ती पंचायत के दो जन वितरण प्रणाली दुकानदार जगदीश यादव एवं दिलीप राम के विरुद्ध 12 जून को (1955 केंद्रीय अधिनियम 10) की धारा 07 के तहत केस दर्ज करवा दिया गया। वही परमानंदपुर थाना क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदार गन्नू ऋषिदेव के खिलाफ 24 जून को (1955 केंद्रीय अधिनियम 10) की धारा 07 के तहत केस दर्ज करवा दिया गया। एमओ अभिजीत आनंद ने बताया कि तीनों डीलर के खिलाफ 70 लाख मूल्य के सरकारी अनुदानित खाद्यान्न के गवन करने को लेकर थाना में केस दर्ज करवाया गया है अन्य डीलरों के खिलाफ जांच चल रहा है अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# रामनगर स्थित नहर के समीप ऑटो और चार चक्का वाहन के आमने सामने के टक्कर में एक महिला की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा) श्रीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित नहर के समीप टिकुलिया से रामनगर जाने वाली मुख्य मार्ग पर ऑटो और चार चक्का वाहन के आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर में दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर नवीन प्रसाद भारती ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया।

इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। जबकि एक महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहरा मच गया है सभी का रो रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि परमानंदपुर पंचायत स्थित भघुवा वार्ड नंबर 3 निवासी मसोमात हीरमैन देवी और ममता देवी अन्य महिलाएं बेलारी गांव मजदूरी करने गई थी। ऑटो से लौटने दौरान जैसे ही रामनगर स्थित नहर के समीप पहुंचा कि रामनगर की ओर से आ रहे और नियंत्रित चार चक्का वाहन और ऑटो के आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर में मसोमात हीरमैन देवी और ममता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मधेपुरा जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान हीरमैन देवी की मौत हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल ममता देवी का इलाज चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने बताया सड़क दुर्घटना की जानकारी मिली है एक महिला की इलाज के दौरान जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई है। मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

सम्पादकीय

## भाजपा अयोध्या यूँ ही नहीं हारी

जिस अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के बल पर भाजपा तीसरी बार सत्ता में पूर्ण बहुमत से आने का सपना संजोए बैठी थी उसी अयोध्या ने पिछले दिनों मानसून पूर्व की केवल एक दिन की बारिश में यह बता दिया कि किस तरह मंदिर निर्माण व अयोध्या के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। गत दस वर्षों से सत्ता की गोद में बैठा मीडिया अयोध्या के विकास की इकतरफा गाथा गाने में व्यस्त था। चारों शंकराचार्य सहित और भी कई बड़े बड़े संत महात्मा पुरजोर तरीके से यह आवाज उठा रहे थे कि चूँकि मंदिर निर्माण अभी अधूरा है लिहाजा अपूर्ण मंदिर भवन में विशेषकर आधे अधूरे मंदिर शिखर के नीचे राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करना शास्त्रसम्मत नहीं है। परन्तु राजनीति के स्वयंभू चाणक्यों ने किसी संत महात्मा की बात पर ध्यान नहीं दिया। और केवल लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का ग्रांड शो रच डाला। और उसी स्वयंभू दूरगामी चाणक्य नीति ने यह नारा दे दिया कि जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे। केवल इतना ही नहीं बल्कि अपने विरोधियों को गोदी मीडिया के माध्यम से हिन्दू विरोधी, राम विरोधी व सनातन विरोधी प्रचारित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

गोदी मीडिया ने भले ही राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया परन्तु उत्तर प्रदेश के लोग विशेषकर अयोध्यावासी व स्थानीय समग्र साधु संत समाज अपूर्ण मंदिर भवन में निर्मित आधे अधूरे मंदिर शिखर की सच्चाई से भी वाकिफ था और अयोध्या के विकास के नाम पर पूरे शहर की सड़कों नालों नालियों, सीवरेज प्रणाली के निर्माण में जम कर की गयी लूट खसोट से भी परिचित था। आखिर कार राम मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने स्वयं ही मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुये यह दावा किया कि यह दूसरी बार है जबकि राम मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार पहली बारिश में भी मंदिर की छत से पानी का रिसाव हुआ था। उस समय भी उन्होंने विरोध किया था। आचार्य दास ने सवाल किया है कि जब राम लला के विराट दिव्य मंदिर के निर्माण में देश के सुप्रसिद्ध इंजीनियर लगे हैं, उसके बावजूद मंदिर की छत से पानी का टपकना आश्चर्यजनक है। जो मंदिर बन गए हैं और जहां रामलला विराजमान हैं, वहां पहली ही बारिश में पानी टपकने लगा। मंदिर के अंदर भी बरसात का पानी भर गया था। राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट को इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि बने मंदिरों से क्यों पानी टपक रहा है? पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के आरोपों के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र को यह सफाई देनी पड़ी कि ह्यमैंने खुद मंदिर की पहली मंजिल से बारिश का पानी टपकते हुए देखा है। इसके पीछे वजह यह है कि अभी मंदिर की दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे इसकी छत पूरी तरह खुली है। इसलिए वहां पानी भर गया और छत से नीचे भी टपका। इस तरह खुले फर्श पर पानी टपक सकता है। लेकिन अगले महीने के अंत तक दूसरी मंजिल की छत बंद हो जाएगी, फिर यह समस्या नहीं होगी। नृपेंद्र मिश्र के बयान से ही यह साफ है कि मंदिर 22 जनवरी को भी अधूरा था और आज भी अधूरा है लिहाजा क्या वजह है कि उस समय शंकराचार्यों व संतों की बात नहीं मानी गयी? और आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा दी गयी? लिहाजा यदि 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा पूर्णतः राजनैतिक नहीं थी तो और क्या थी? खबर है कि मंदिर के मुख्य शिखर को प्लास्टिक, कपड़ों व बांस बल्लियों से बनाकर तैयार किया गया था।

## मप्र मोहन संहिता का अनुकरणीय पाठ

**राकेश अचल**

सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ लिखने का दायित्व मिला है इसलिए सत्ता प्रतिष्ठान के फैसलों की तारीफ करने के अवसर कम ही मिलते हैं। खासतौर पर जब कि किसी प्रदेश की सत्ता में डबल इंजिन लगे हों। मप्र में आजकल डबल इंजिन की ही सरकार है। और इस सरकार को चला रहे हैं डॉ मोहन यादव, जो पहली बार मुख्यमंत्री बने हैं । उनके सामने 18 साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान द्वारा खींची गयी लोकप्रियता की लम्बी लकीर से आगे जाने की चुनौती भी है।

लोकसभा चुनाव से फारिग होते ही मप्र की मोहन सरकार ने एक फैसला किया है कि अब प्रदेश सरकार के मंत्रियों के आयकर की राशि नहीं भरेगी, बल्कि मंत्रियों को खुद भरना पड़ेगी। आर्थिक बोझ के कारण दोहरे हो रहे मध्यप्रदेश में ये एक साहसिक कदम है, हालाँकि इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की सेहत पर कोई खास फर्क नहीं पडेगा। लेकिन पहल तो पहल होती है और ये पहल अनुकरणीय कही जा सकती है। क्योंकि अभी तक देश की विधानसभाएं हों या संसद सभी के सदस्य सरकार पर बोझ बढ़ाते ही हैं, कम नहीं करते।

जब से मप्र का गठन हुआ है तब से यानी कोई 52 साल से अपने मंत्रियों के आयकर की राशि प्रदेश की सरकार ही भरती आ रही थी। आज से पहले चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की या किसी गठबंधन की सरकार, किसी ने इस व्यवस्था से छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं समझी। लेकिन किसी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ये जरूरत समझा दी। मोहन यादव ने इस फैसले से मिलने वाली वाह-वाही का अंदाजा लगते ही 52 साल बाद ये फैसला कर दिखाया। अब आप इसे ऐतिहासिक फैसला कह सकते है। अभी मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री और मंत्रियों का इनकम टैक्स सरकार भरती थी। इस पर करोड़ों रुपए का खर्च आता था। मध्यप्रदश के मुख्यमंत्री हालाँकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोत्र के नहीं हैं। प्रधानमंत्री का गोत्र गरीबो का गोत्र है। उनके पास बहुत ज्यादा सम्पत्ति भी नहीं है। वे चाय बेचते हुए सियासत में शीर्ष तक पहुंचे हैं, किन्तु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आमीर आदमी हैं। उनके पास कोई 42 करोड़ रुपए की सम्पत्ति है। ये सम्पत्ति उनकी खानदानी सम्पत्ति है या इसे उन्होंने खुद अर्जित किया है इसके बारे में मुझे कुछ नहीं पता, लेकिन उनके ऊपर 9 करोड़ का कर्ज भी है। इसलिए वे प्रदेश सरकार और जनता के ऊपर पड़ने वाले कर्ज के बोझ की तकलीफ को शायद समझते हैं। मध्यप्रदेश सरकार के इस फैसले से सरकार कितना पैसा बचा लेगी इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गयी है। इस फैसले को आप कह सकते हैं किये फैसला किसी मुर्दे की मूंछ उखाड़ने से मुर्दे का वजन कम करने कि कोशिश जैसा है। लेकिन एक कोशिश तो है वजन कम करने की। कम से कम मोहन यादव ने इस बारे में सोचा और फैसला भी किया, अन्यथा मंत्री हों या विधायक सरकार को ज्यादा से ज्यादा तूप लेने में विश्वास रखते हैं। मंत्रियों को जनसेवा के बदले सब कुछ तो फोकट में मिलता है। घर, कार, ड्रायवर, बिजली, फोन, पेट्रोल, दवा-दारू, विधायक के नाते अपने क्षेत्र में दौरा करने का भत्ता, सर्किट हॉउस में निशुल्क रहने की सुविधा और न जाने क्या-क्या? ये केवल मध्यप्रदेश की ही बात नहीं है बल्कि समूचे देश की बात है। इस बारे में सोचे जाने की जरूरत है। अच्छी बात ये है कि आधी सदी बाद ही सही लेकिन सरकार ने इस दिशा में न सिर्फ सोचा बल्कि फैसला करने का साहस भी दिखाया। मध्यप्रदेश के मुख्यमत्री डॉ मोहन यादव नसीब से मुख्यमंत्री बने है। विधानसभा चुनाव के बाद इस पद के लिए उनका नाम दूर-दूर तक नहीं था, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा के मोशा जोड़े ने उन्हें अवसर दिया। कि वे प्रदेश की सेवा करने के साथ अपनी सम्पत्ति को 42 करोड़ से ८४ करोड़ तक कर लें यदि कर सकते हों तो ] सत्ता में आने के बाद डॉ मोहन यादव की सरकार ने पहला प्रगतिशील लगने वाला फैसला किया है। उन्हें ऐसे अनेक फैसले लेना होंगे, तब कहीं जाकर वे प्रदेश से शिवराज सिंह चौहान की छाया से मुक्ति पा सकेंगे। संयोग देखिये कि उनके पहले के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अब . केंद्र में कृषि मंत्री हैं और उनका तामझाम पहले से कुछ ज्यादा हो गया है। ऐसे में प्रदेश सरकार से उनकी छाप को समाप्त करना आसान काम नहीं है। मोहन यादव के सामने एक नहीं अनेक चुनौतियाँ है। हाल ही में प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या कि घटना से प्रदेश में कानून और व्यवस्था कि जर्जर स्थिति का पता चला है। इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली है लेकिन इसके बावजूद इस शहर की कानून और व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। इंदौर ने गंदगी से मुक्ति पा ली है किन्तु गुंडागर्दी से मुक्ति नहीं पा सका है। कमोवेश यही हालत प्रदेश के दुसरे बड़े शहरों की है। यदि प्रदेश कि कानून और व्यवस्था कि दशा में सुधर न हुआ तो न इस प्रदेश में पूँजी निवेश बढ़ेगा और न पर्यटन। सरकारी जमीनों पर कब्जे और अवैध उत्खनन के धंधे ने तो अब नए सिरे से सर उठाना शुरू कर दिया है। भाजपा के 18 साल के शासन में अवैध उत्खनन का धंधा समानांतर सत्ता कि तरह मजबूत हो चुका है। प्रदेश में हर तरह का माफियाराज ह। केवल अवैध उत्खनन ही नहीं प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लिक करने, नकल करने और मेडिकल तथा नर्सिंग कालेज खोलने में जालसाजी करने वाला माफिया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कि कमजोरी ये है कि वे मौलिकता पर कम, नकल पर ज्यादा धयान दे रहे है। वे सीमावर्ती उत्तर प्रदेश की नकल कर मध्यप्रदेश में भारतीय दंड संहिता के बजाय बुलडोजर संहिता चलाना चाहते हैं। बुलडोजर संहिता से यदि किसी सूबे कि कानून और व्यवस्था सुधरती तो कब कि सुधर गयी होती।

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

**प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का जहर अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर ह्यबेहद खराबह्ण की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं।

# विपक्ष का चेहरा खिला-खिला रहेगा?

**विपक्ष को जनता ने जिताया नहीं मगर मजबूत बहुत कर दिया। संख्या से तो जितना किया उतना कियाही मगर हौसले बहुत बढ़ा दिए। विपक्ष को झूठ बोलना नहीं आता हिप्पोक्रेसी नहीं आती इसीलिए शायद वह विपक्ष में है। जनता झूठ और मक्कारी से घिर गई है। नोम चोमस्की इस सदी के सबसे बड़े विचारकों में हैं। खास बात नए विचार देने में और यह बताने में की राजनीति मीडिया मिल कर जनता को किस तरहबेवकूफ बनाते हैं। वही हो रहा है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार मीडिया कोसंबोधित कर रहे थे। 18 वीं लोकसभा का पहला दिन। परंपरा के अनुसार लोकसभाजाने से पहले प्रधानमंत्री की मीडिया से बात। मगर पहले के प्रधानमंत्रीयह करते थे। बात। संवाद। सवालों के जवाब। मनमोहन सिंह बात करत थे। सवालका जवाब देते थे। वाजपेयी करते थे। नरसिम्हा राव, देवगौड़ा, गुजराल, वीपीसिंह राजीव गांधी और इन्दिरा गांधी सब। मगर मोदी जी बोलते हैं। और चलदेते हैं। और बात भी अपनी नहीं। अपनी सरकार की नहीं। कामकाज की नहीं। दूसरे को क्या करना चाहिए इसकी। पर उपदेश कुशल बहुतेरे! विपक्ष कोजिम्मेदार बनना चाहिए। और इसके लिए उन्होंने जिन शब्दों का उपयोग कियानखरे, ड्रामे! यह उसी स्तर के शब्द हैं जैसे प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के दौरान बोलतेरहे। भैंस खोलने, मंगलसूत्र छीनने से जैसे। पिछली बार प्रधानमंत्री नेकहा था कि चुनाव में ऐसी बातें हो जाती हैं। मगर बाद में नहीं होतीं। मगर अब तो मोदी जी चुनाव के बाद भी वही भाषा बोल रहे हैं। विपक्ष के लिएड्रामेबाजी नखरा!**





**शकील अख़्तर**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

विपक्ष इस बार मोदी जी को मनमानी नहीं करने देगा। मोदी जी के चेहरे से परेशानी टपकने लगी है। जो गोदी मीडिया उनके चेहरे पर ग्लो (चमक) देखता था अब उसे वह चेहरा बुझा बुझा सा दिखने लगा है। बोल नहीं पाएगा। मगर यह भी नहीं बोलेगा कि मोदी जी तो थकते नहीं। कितनी उर्जा से भरे रहते थे। विपक्ष को जनता ने जिताया नहीं मगर मजबूत बहुत कर दिया। संख्या से तो जितना किया उतना कियाही मगर हौसले बहुत बढ़ा दिए।

विपक्ष को झूठ बोलना नहीं आता हिप्पोक्रेसी नहीं आती इसीलिए शायद वह विपक्ष में है। जनता झूठ और मक्कारी से घिर गई है। नोम चोमस्की इस सदी के सबसे बड़े विचारकों में हैं। खास बात नए विचार देने में और यह बताने में की राजनीति मीडिया मिल कर जनता को किस तरहबेवकूफ बनाते हैं। वही हो रहा है।

नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार मीडिया कोसंबोधित कर रहे थे। 18 वीं लोकसभा का पहला दिन। परंपरा के अनुसार लोकसभाजाने से पहले प्रधानमंत्री की मीडिया से बात। मगर पहले के प्रधानमंत्रीयह करते थे। बात। संवाद। सवालों के जवाब। मनमोहन सिंह बात करत थे। सवालका जवाब देते थे। वाजपेयी करते थे। नरसिम्हा राव, देवगौड़ा, गुजराल, वीपीसिंह राजीव गांधी और इन्दिरा गांधी सब। मगर मोदी जी बोलते हैं। और चलदेते हैं। और बात भी अपनी नहीं। अपनी सरकार की नहीं। कामकाज की नहीं। दूसरे को क्या करना चाहिए इसकी। पर उपदेश कुशल बहुतेरे! विपक्ष कोजिम्मेदार बनना चाहिए। और इसके लिए उन्होंने जिन शब्दों का उपयोग कियानखरे, ड्रामे! यह उसी स्तर के शब्द हैं जैसे प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के दौरान बोलतेरहे। भैंस खोलने, मंगलसूत्र छीनने से जैसे। पिछली बार प्रधानमंत्री नेकहा था कि चुनाव में ऐसी बातें हो जाती हैं। मगर बाद में नहीं होतीं। मगर अब तो मोदी जी चुनाव के बाद भी वही भाषा बोल रहे हैं। विपक्ष के लिएड्रामेबाजी नखरा!

भारत के किसी प्रधानमंत्री की भाषा इस स्तर की नहीं रही। क्या होता हैइसका परिणाम? मीडिया यही भाषा इसी तरह के विचार जनता के पास पहुंचा देताहै। सोमवार को क्या हुआ? लोकसभा का पहला दिन। सुरक्षा व्यवस्था सहितपत्रकारों के पास बनाने का सारा काम पार्लियामेंट के स्टाफ से हटाकरसीआईएसएफ को दे दिया गया है। यहां तक की उसकी प्रेस गैलरी में भी सीआईएसएफ तैनात कर दी गई है। जो कभी नहीं हुई। राज्यसभा के सांसदों को भीलोकसभा की पत्रकार प्रेस गैलरी में बिठा दिया गया। पत्रकारों से कहा गयाकि पेन भी अंदर नहीं ले जा सकते। पत्रकार बहुत परेशान थे। हमसे कह रहे थे कि आप तो बहुत लिख रहे हैं। मगरविपक्ष को भी उठाना चाहिए। हमने कहा कि विपक्ष तो बहुत सवाल उठ रहा है। मगर आप को भी कुछ लिखना बोलना चाहिए! दोस्त चुप। राहुल ने पूरे भारत की सड़कें नाप दीं। दस हजार किलोमीटर से ज्यादा दोयात्राओं में चले। मगर पत्रकार कहते हैं विपक्ष को सड़क पर उतरना चाहिए। उन्हें जो सीखा दिया गया है वही बोलते रहते हैं। चोमस्की ने यही कहा कि विचार का एक दायरा बना दिया जाता है। जहां लोगघूमते रहते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और गोदी मीडिया ने पैरामीटर बना दिए हैं। विपक्ष को यह करना चाहिए, वह करना चाहिए। राहुल कितना ही पैदल चल लें, हजारों लोगों से मिले लें। अखिलेश तेजस्वी कितनी मेहनत कर लें। बेरोजगारी, महंगाई, जनता के सारे सवाल उठा लें मगर मीडिया वही कहेगा औरउससे सीखी जनता का एक हिस्सा भी कि विपक्ष को यह करना चाहिए। वह एक कहावत है बहुत पुरानी कि मुर्गी अपनी जान से गई खाने वाले को मजानहीं आया! विपक्ष कर करके मर गया (मुहावरे के तौर पर) और मीडिया औरउससे सीखी जनता कहती है कि कुछ करते क्यों नहीं?

चोमस्की यही समझाते हैं कि राजनीति और मीडिया किस तरह लोगों को सोच के एकदायरे में घूमाती रहती है। बार बार एक ही बात कहकर। यही हिटलर और उसकेप्रचारतंत्र का मुखिया गोएबल्स कहता था कि एक झूठ को सौ बार बोलो लोग उसेसच मानने लगते हैं। दस साल में जनता के सवालों को गायब कर दिया गया है। मीडिया में कहीं आपको दिखते हैं?

कांग्रेस ने अपना पूरा घोषणा पत्र जनता के सवालों पर बनाया था। मगर मोदीजी और मीडिया ने कहा कि यह मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। जनता को अपनेसवालों से काटने का यह खतरनाक तरीका है। इसमें जनता का ध्यान नानइशु मेंउलझा दिया जाता है।

मगर इससे किसी राजनीतिक दल को फायदा हो सकता है। जैसा इस बार भी हुआ। मगरजनता पिछड़ती जाती है। नौकरी नहीं से अनाज नहीं तक पहुंच जा जाती है। उसेकुछ मालूम नहीं पड़ता। देश में गेहूं की कमी हो गई है। उत्पादन मेंगिरवाट आ रही है। सरकार को व्यापारियों स्टाक कम रखने के आदेश देना पड़े हैं। कारण सबको मालूम हैं। कृषि और किसान विरोधी नीतियां। किसानों के साथशत्रुओं जैसा व्यवहार। उसे खालिस्तानी, आतंकवादी कहा गया।

इन्दिरा गांधी ने किसानों को विश्वास में लेकर हरित क्रान्ति की थी। देशके गोदाम अनाजों से ठसाठस भर दिए थे। उन्हें जो सुविधाएं चाहिए थीं दी गईथीं। मगर आज सिंचाई सुविधाएं नहीं बढ़ाई जा रहीं। उस पर ध्यान ही नहींहै। बिजली मिल नहीं रही। डीजल मंहगा। खाद नहीं। बीज नहीं। कीटनाशक नकली। जो व्यवस्थाएं सहज सुलभ थीं। उन्हें मुश्किल बना दिया गया है।

अब परिणाम क्या होगें इसकी चिन्ता किसी को नहीं है। यह मुद्दा ही नहींहै। कहीं आपने देखा मीडिया या सरकार को गेहूं उत्पादन में आ रही कमी केबारे में चिन्ता करते?

हर चीज को न्यू नार्मल बना दिया गया है। मतलब लोग अपनी हर परेशानी को यहतो होती है मानने लगे हैं। पहले जो पीएमटी था वही अब नीट है। कभी सुनापर्चा लीक की बात? देश का सबसे प्रतिष्ठित टेस्ट होता है। हर बच्चे का औरमां बाप का सपना होता है डाक्टर बनना। मगर उसमें पैसे वालों के बच्चों कोमेरिट में ले आने का यह खेल पहली बार देखा गया। बहुत उच्च स्तर परभ्रष्टाचार है। मगर नीट की परीक्षा केसिंल नहीं कर रहे। पुलिस भर्ती सेलेकर डाक्टर तक पेपर लीक। मगर यह सब मुद्दे नहीं।

मुद्दा क्या? मुद्दा विपक्ष को क्या करना चाहिए। घर पर कब्जा सास का! और सवाल सारे बहु से! बहु को यह करना चाहिए, वह करनाचाहिए। गांव में कहावत है कि बहु तो कुछ भी कर ले उसमें कमियां निकाल दीजाती हैं। सीता मैया तक से कह दिया!

यही स्थिति है। गांव देहात के शब्दों में सासो वाली! अपनी गलती कोई देखनानहीं। सारी गलतियां कमियां दूसरे में आरोपित कर देना।

मगर अब यह चलेगा नहीं। इस बार विपक्ष के हौसले बढ़े हुए हैं। जनता ने उसेजिताया नहीं मगर मजबूत बहुत कर दिया। संख्या से तो जितना किया उतना कियाही मगर हौसले बहुत बढ़ा दिए। लोकसभा शुरू हुए दो दिन हो गए। मोदी जी और सत्ता पक्ष में पुरानी अकड़नहीं दिख रही। विपक्ष उत्साह में और उर्जा से भरा हुआ दिखाई दे रहा है। हर मोर्चे पर लड़ने को तैयार।

# लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये

**ललित गर्ग**

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है। संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 27 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में 3100 हेक्टेयर धान की खेती करने का लक्ष्य

इसुआपुर । प्रखंड के तेरह पंचायतों में लगभग 3100 हेक्टेयर में धान की खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए कृषि कार्यालय से अनुदानित धान बीज दिया जा रहा है। हालांकि मौसम अनुकूल नहीं रहने के कारण किसानों में घोर मायूसी देखी जा रही है। धान का बिचड़ा डालने में किसान जी जान से लगे हुए हैं। वहीं किसानों को वर्षा का इंतजार है। पानी के बिना बिचड़ा खेतों में ही सुख रहा है। इसुआपुर में सिंचाई का सही संसाधन उपलब्ध नहीं रहने के चलते किसानों को घोर कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि समन्वयक मिथिलेश दुबे ने बताया कि इसुआपुर में अनुदानित धान बीज लेने के लिए 912 किसानों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में इस साल आंकड़े कम है। जिसका मुख्य कारण मौसम की प्रतिकूलता है। अभी तक 70 क्विंटल अनुदानित धान का बीज किसानों को दिया जा चुका है।

### हर्ष फायरिंग मामले में सारण पुलिस ने कि कर्वाई, एक लाख के बांन्ड पर दो रिहा

बनियापुर। बनियापुर मे सोशल मीडिया पर हथियार के साथ प्रदर्शन करने वाले युवकों पर सारण पुलिस ने करवाई किया है। हर्ष फायरिंग और अवैध हथियार के विरुद्ध सारण पुलिस लगातार करवाई कर रही है इसी क्रम मे 25 जून को सारण एसपी के सरकारी मोबाइल पर कुछ फोटो स्क्रीन शाट प्राप्त हुआ जिसमे अवैध हथियार के साथ दो युवक अलग अलग अंदाज मे प्रदर्शन करते दिख रहे है।जिसके सत्यापन के पश्चात ज्ञात हुआ की नकली प्लास्टिक के पिस्टल है।दिनों युवक कुंदन कुमार शर्मा,संदीप सिंह सरेया हल्दी टोला निवासी है,जिन्हे बनियापुर पुलिस टीम द्वारा जिला आसूचना इकाई के सहयोग से हिरासत मे ले लिया गया,बाद मे एसपी सारण के निर्देश पर उनके अभिभावकों के सामने इस तरह के दिग्भ्रमित करने ,दहसत नही फैलाने के शर्त तथा एक लाख के पी आर बांड पर रहा कर दिया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय मादक दिव्स पर कार्यक्रम का आयोजन

बनियापुर। बनियापुर मे मादक पदार्थो के उपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय मध निषेध दिवस पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार के नेतृत्व मे पुलिस पदाधिकारियो एव स्कूली बच्चो के द्वारा जन जागरण ,जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसके माध्यम से जन मानस मे मादक पदार्थो के उपयोग से फैलने वाली समाजिक बुराइयों पर चर्चा किया गया, रैली निकालकर यह संदेश देने की कोशिश की गयी कि इस से पीढ़ी दर पीढ़ी बर्बाद हो रही है।वही एम डी उच्च विद्यालय कन्हौली मे प्राचार्य विजय कुमार के द्वारा सैकड़ो छात्र छात्राओं के बीच मध निषेध पर समाज मे जन जागरूकता की अपील किया।मौके पर भड़ी संख्या मे छात्र छात्राए शामिल थी।

### आर्म्स एक्ट में सजा एवं अर्थदंड

छपरा कोर्ट। प्रथम श्रेणी न्यायिक पदाधिकारी कुमार शशि ने छपरा नगर थाना कांड संख्या 627/ 22 के विचारण वाद संख्या 559/ 24 में छपरा नगर थाना के करीम चक निवासी जुबैद अख्तर को अंदर दफा 25 (1) 26 आर्म्स एक्ट में 2 वर्ष की कारावास और 5 हजार रुपए अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त एक माह की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अपर अभियोजन पदाधिकारी अंजनी कुमार सिन्हा सहायक अभियोजन पदाधिकारी राजीव रंजन ने सजा के बिंदु पर बहस किया एवं अभियोजन की ओर से कुल सात गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई।प्रशिक्षु सहायक अभियोजन पदाधिकारी कुमारी शिवानी, रुबी कुमारी, अभिषेक राज सहित अन्य ने भी सहयोग किया। बचाव पक्ष की ओर से भी दो गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई थी। बताते चले की 22 सितंबर 2022 को नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार को सूचना मिली कि करीम चक राहत रोड में दो पक्ष आपस में झगड़ा कर रहे हैं सूचना के बाद उन्होंने पुलिस टीम के साथ छापामारी की तो अभियुक्त जुबैद अख्तर के पास से एक देसी कट्टा एवं एक गोली बरामद हुआ था ।गिरफ्तार कर थाना लाए और प्राथमिकी दर्ज किए।

### मंडल कारा और जिला स्कूल में लगा विधिक जागरूकता शिविर

छपरा कोर्ट। नालसा और बालसा के निर्देश पर डालसा सारण के जिला विधिक जागरुकता समिति द्वारा विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन मंडल कारा और जिला स्कूल में किया गया। जिसमे नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस विषय पर पैनल अधिवक्ता डॉ अमित रंजन ने विस्तृत रुप से कैदियों और स्कूली छात्रों, शिक्षक और कर्मियों को विस्तृत रुप से बताया ।

# नगर निगम में 56.96 करोड़ की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम की अगले माह से शुरूआत : गरिमा

**दिल्ली के प्रीतमपुरा की कंपनी मेसर्स सीके इंफ्रा लिमिटेड और मेसर्स बिल्ड नेट इंगर्स को योजना पूरी करने की मिली है जिम्मेदारी**

- आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय 2 के अंतर्गत बेतिया नगर के शहरी क्षेत्र को जल जमाव मुक्त बनाने के लिए तेज गति से जल निकासी योजना की बुडको को मिली है नए ड्रेनेज सिस्टम की निगरानी
- महापौर ने अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल में नगर विकास विभाग को भेजा था बढ़ी आबादी के अनुसार नई जल निकासी व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया: नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने का कि नगर निगम के सघन शहरी क्षेत्र में अगले माह से 56.96 करोड़ लागत वाला स्लैब सहित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम नाला के निर्माण कार्य की शुरूआत होगी। इस प्रणाली का अर्थ तूफानी गति से जल निकासी प्रणाली को प्रभावी बनाना होता है। ताकि बरसात के मौसम में जल जमाव का शबब बनने वाला जमा हुआ जल तूफानी गति से निकल जाना सुनिश्चित हो सके। महापौर ने यह भी बताया कि आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय 2 के अंतर्गत नगर निगम के पूरे सघन शहरी क्षेत्र का पानी संबंधित मुख्य नाले तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग से स्वीकृत एवं फलित होने जा रहा यह नया जल निकासी सिस्टम बीते करीब साढ़े तीन साल के उनके अथक प्रयास के बाद अब फलीभूत रूप मे है। जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र के सघन शहरी क्षेत्र के लिए 56.96 करोड़ लागत वाला नया स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम संभव हुआ है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बुडको अर्थात बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से इसकी निविदा प्रक्रिया विगत 12 फरवरी को ही पूरी की जा चुकी है। इसके लिए दिल्ली के प्रीतमपुरा की कंपनी मेसर्स सीके इंफ्रा लिमिटेड और मेसर्स बिल्डनेट इंगर्स को कायार्देश भी जारी करते हुए बुडको ने अपनी टीम भी तैनात कर दी है। महापौर ने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए बुडको से तैनात सहायक परियोजना निदेशक ई.विश्वजीत कुमार और अभियंता ई.जितेंद्र कुमार आदि के साथ उनकी मीटिंग भी हो चुकी है। लेकिन लोक सभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इसकी शुरूआत में कुछ विलंब हुआ है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इससे पूर्व बेतिया सहित कुल 9 नगर निगमों के लिए ऐसी ही योजनाओं को स्वीकृति मिली है। महापौर ने बताया कि पूर्ववर्ती नगर परिषद के सभापति वाले कार्यकाल में सघन क्षेत्र में आबादी के अनुसार नई जल निकासी व्यवस्था के लिए स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। जिसके पेंडिंग रह जाने के कारण अपने वर्त्तमान कार्यकाल स्वीकृति दिलवाने के लिए मैं बीते सितंबर माह में विभाग के अपर मुख्य सचिव से मिल कर इसकी अंतिम स्वीकृति दिलाने का अनुरोध की थी। जिसके फल स्वरूप बिहार मंत्री परिषद से इसकी स्वीकृति मिली। इसी आधार पर अब 56.96 करोड़ लागत वाली कुल 9 योजनाओं की निविदा विभागीय स्वीकृत के आधार पर बुडको के माध्यम से पूरी किए जाने की शुरूआत अगले माह से हो जाने की पूरी तैयारी है।

इस योजना को पूरी करने की समय सीमा 24 माह अर्थात दो साल निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार कुल 9 खंड में बंटे नए और विस्तृत सिवरेज सिस्टम से सुगम जल निकासी का लाभ से सघन शहरी क्षेत्र के करीब पौने दो लाख की आबादी को मिलने लगेगा। जिससे व्यवस्थित और सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित हो जायेगी। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि स्वीकृत योजना के तहत नगर थाना से अनरी चुनरी आउट फॉल तक करीब 7 किलो मीटर तक का अंडर ग्राउंड नाला निर्माण के साथ आठ और योजनाएं शामिल हैं जिसमें नगर थाना से किशुन बाग होते हुए गयासुद्दीन के घर के आउट फॉल तक सवा दो किलो मीटर नाला निर्माण, डीएम आवास से सर्किट हाउस, मुहर्रम चौक होते हुए स्टेशन चौक पुल तक एवं कलेक्ट्रेट चौक से केपी प्लस टू गर्ल्स स्कूल होकर आउट फॉल में मिलने तक 1. 6 किलोमीटर नाला निर्माण शामिल है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मंत्री परिषद से स्वीकृत योजना में गैसलाल चौक से भोला कुमार के घर के पास नाला से मिलने तक करीब 800 मीटर लिंक नाला निर्माण के साथ सत्यनारायण पेट्रोल पंप के पश्चिम आलोक भारती चौक होते हुए संतावन बाबा मठ के चंद्रावत नदी में आउट फॉल तक कर एक किलो मीटर नाला निर्माण शामिल है। वही नगर के हरनाथ स्कूल से डॉ.दिनेश राय के क्लीनिक से उत्तर द्वारदेवी चौक होते एन एच 727 पार डॉ. नासिर अली के क्लीनिक के पीछे वाले रेलवे लाइन के आउटफॉल तक करीब 1. 8 किलोमीटर नाला निर्माण शामिल है। नगर निगम महापौर गरिमा ने आगे बताया कि नगर के टीके मुखर्जी चौक से संत तरेसा चौक और कोयला डिपो से कमलनाथ नगर होते सुप्रिया सिनेमा होकर रेलवे लाइन के आउट फॉल तक 1. 6 किलोमीटर नाला निर्माण स्वीकृत हुआ है। इसी प्रकार आलोक भारती चौक से मीना बाजार सब्जी मंडी होते हुए जगदंबा नगर पुल चंद्रावत नदी आउट फॉल तक करीब एक किलो मीटर और सागर पोखरा चौक से पायोनियर कोचिंग सेंटर तक एवं दुर्गा बाग मंदिर के पूरब गेट से वन विभाग कार्यालय होकर एजी मिशन स्कूल होते समीपवर्ती आउट फॉल तक करीब एक किलो मीटर अर्थात कुल करीब 18.50 किलोमीटर तक के लिए नया सिवरेज सिस्टम वाला करीब तीन से दस फीट चौड़ा विशाल नाला निर्माण की करीब तीन साल पुराने महापौर गरिमा के 56.96 करोड़ लागत वाले ड्रीम प्रोजेक्ट पूरा होने से नगर निगम की जनता रूपी जनार्दन के आशीवाद से जन सेवा का मेरा एक महत्वपूर्ण संकल्प पूरा होगा।

## 4 अभियुक्त गिरफ्तार, देशी शराब जब्त

**बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 67,000 रूपए का जुमार्ना लगाया गया**



● बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का किया गया विधिवत जांच

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला में मंगलवार को विगत 24 घंटा में 04 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल-13 वारंट का निष्पादन किया गया है,जिसमें जमानतीय 01 अजमानतीय 12 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि नौरंगिया थाना,भितहाँ थाना द्वारा शराब के काण्ड एवं वारंट में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।वही चौतरवा थाना द्वारा 17.4 लीटर देशी शराब जब्त किया गया हैं।इस संबंध में चौतरवा थाना द्वारा काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-14,000, रामनगर थाना द्वारा-12,500, पटखौली थाना द्वारा-12000, धनहाँ थाना द्वारा-12,000, बगहा थाना द्वारा-9,500, चौतरवा थाना द्वारा-7,000 इस प्रकार कुल 67,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।एसपी श्री सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया।

## नगर प्रशासन ने किया अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । नगर प्रशासन ने अब अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया है, अब जल्द मास्टर प्लान एरिया मे सभी अतिक्रमण क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करा लिया जायगा, महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने भी शहर के सभी अतिक्रमण एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर आयुक्त के साथ हैं ।बता दें कि नालों के ऊपर परमानेंट संरचना कर लिया गया है, जिसके कारण नालों की सफाई अच्छी तरीके से नहीं हो पा रहा है ।फस्वरूप जल- जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है,और शहर बारिश मे डूब जाता है । आम लोगों को इनके कारण समस्या का सामना करना पड़ता है । बैठक में नगर आयुक्त सुमित कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी संजय राय एवं गरखा, रिविलगंज, मांझी, सदर छपरा के अंचलाधिकारी को आदेश दिया कि तीन दिनों के अंदर मास्टर प्लान एरिया में लोगों द्वारा किये गए सड़क तथा नाला को अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करेंगे ' साथ हीं विहित प्रपत्र मे भर कर कार्यालय को समर्पित करेंगे । बैठक में सदर अनुण्डल पदाधिकारी संजय राय, सदर अंचलाधिकारी आंचल कुमारी, गरखा सीओ,मांझी सीओ रिविलगंज सीओ ,उप नगर आयुक्त ओम प्रकाश सिंह, सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल, नीरज कुमार,लोक स्वछता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा तथा सुमित कुमार आदि उपस्थित थे ।

## रोटी बैंक बेतिया को जयनगर में मिला सम्मान

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।रोटी बैंक बेतिया को रोटी बैंक जयनगर द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एस.एस.बी कमांडेंट, पुलिस अधीक्षक विवेक ओझा डीएसपी विप्लव्य कुमार, थाना प्रभारी अंकुर कुमार एवं भारत के विभिन्न हिस्सों से रोटी बैंक के जोशीले स्वयंसेवक एक साथ आए, जो समाज में कम भाग्यशाली लोगों की सेवा करने के महान उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं ।रोटी बैंक जयनगर के लक्की कुमार और रोटी बैंक छपरा से रवि शंकर उपाध्याय जी ने कहा कि मेरे लिए ऐतिहासिक और गर्व का पल है कि हम मानव सेवा में तत्पर रहने वाले रोटी बैंक बेतिया को मां जानकी की धरती जयनगर में सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट की टीम आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है ।रोटी बैंक जयनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, रोटी बैंक बेतिया को उनकी उत्कृष्ट सेवा और सामाजिक कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। स्वयंसेवकों को भूखों को भोजन कराने और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक पहलों का समर्थन करने के उनके अथक प्रयासों के लिए सराहना की गई ।इस सम्मान के आलोक में, रोटी बैंक बेतिया संस्थापक संजू गिरि ने यह सम्मान उन सभी दानदाताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों को समर्पित किया है, जो मानवता की सेवा के उनके मिशन में उनके साथ खड़े रहे हैं। इन व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों और उदारता के माध्यम से ही रोटी बैंक बेतिया एक सार्थक प्रभाव डालने और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने वालों के लिए आशा लाने में सक्षम हुआ है। कार्यक्रम में रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के अंकित बरनवाल,प्रकाश गुप्ता, सोनू जायसवाल, विनीत कुमार, कुश कश्यप, सतीश पटेल, नितेश पांडे, संदीप जयसवाल, चंदन सैनी, सुमित ठाकुर,राहुल जायसवाल मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न न्यायालयों में सुनवाई के प्रक्रियाधीन वादों के अभियोजन की समीक्षा

**केस के ट्रायल में गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने पर विशेष बल देने पर जोर**

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने आज समाहरणालय सभागार में सभी लोक अभियोजन पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिला के विभिन्न न्यायालयों में संचालित वादों के सुनवाई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। एक एक कर सभी लोक अभियोजन पदाधिकारियों से उनके जिम्मे के वादों के बारे में जानकारी ली गई। बहुत सारे वादों में सुनवाई के क्रम में गवाहों की उपस्थिति नहीं होने के कारण ट्रायल प्रक्रिया में विलंब होने की बात कही गई। इन गवाहों को मोटे तौर पर चार वर्गों में रखा गया है। गवाह के रूप में डॉक्टर की उपस्थिति की जिम्मेदारी सिविल सर्जन को , आई ओ के उपस्थिति की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय को, अन्य सरकारी पदाधिकारी/कर्मी के उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी विधि शाखा को दी गई है। इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ सभी लोक अभियोजन पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर गवाहों के उपस्थिति हेतु कार्रवाई का निदेश दिया गया ताकि ट्रायल प्रक्रिया में तेजी लाकर वादों का निष्पादन किया जा सके।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, प्रभारी विधि शाखा सहित सभी लोक अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रोटेरियन वर्मा प्रसाद को मिला रोटरी क्लब बिल्डर सम्मान 2023-24



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।रोटरी क्लब नरकटियागंज के संस्थापक सदस्य और आई0 आई0 पी0 रोटेरियन वर्मा प्रसाद को जमशेदपुर में हुए रोटरी इंटरनेशनल सम्मान समारोह 2023-24 में रोटेरियन एस0 पी0 बगेरिया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3250 द्वारा क्लब बिल्डर अवार्ड 2023-24 से सम्मानित किया. वर्मा प्रसाद को यह पुरस्कार क्लब के निर्माण और संयोजन में अहम भूमिका अदा करने के लिए दिया गया। अग्रणी अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रोटेरियन वर्मा प्रसाद रोटरी क्लब के संस्थापक सदस्य के अलावे सत्र 2015-16 में सक्रिय सदस्य ,2016-17,2017-18 और 2018-19 में कोषाध्यक्ष और 2021-22 तथा 2022-23 में अध्यक्ष पद का सफल दायित्व का निर्वाह किया. ज्ञातव्य हो सत्र 2021-2022 में इनके नेतृत्व में रोटरी क्लब नरकटियागंज ने बिहार और झारखंड के 108 क्लब के बीच सात अहम अवार्ड प्राप्त कर पूरे आर0आई0 डी03250 में अपनी एक कीर्तिमान स्थापित किया था। रोटेरियन वर्मा प्रसाद की इस सम्मान मिलने से सभी रोटेरियन और रोट्रेक्ट के बीच काफी हर्ष का माहौल है. इस सम्मान के लिए प्रो0 एन0 डी0 ओझा, ईर0 उमेश जायसवाल,सुरेश प्रसाद,कृष्ण कुमार पाठक, अवध किशोर सिन्हा, डा0 अवध किशोर सिंह , विवेक कुमार आशीष, डॉ फैसल सिद्दीकी,डॉ बी0 के0 चौहान, जितेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार ,डॉ वरुण सिद्धेश्वर, शौखलाल जायसवाल, रोट्रेक्ट क्लब के अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता ,चंदन कुमार, आदित्य प्रकाश, निशांत कुमार, आयुष कुमार सहित सभी रोटेरियन और रोट्रेक्ट ने बधाई दी।

## वेतन बढ़ोतरी का मांग को लेकर सफाई का काम किया ठप्प



प्रात: किरण, संवाददाता

सफाई कर्मियों ने अपनी वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर सफाई का काम किया ठप्प नगर अध्यक्ष व कार्यपालक पदाधिकारी को सोपा ज्ञापन। एकमा - नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने अपने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर अपनी कार्य को ठप्प करते हुए नगर अध्यक्ष शवेता रानी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा कि हम सभी सफाई कर्मियों को प्रत्येक माह में दस हजार रूपए का वेतन चाहिए। हम लोगों को पीएफ का पैसा नहीं चाहिए जो दस हजार रुपए हम लोगों को मिलेगी वह पैसा प्रत्येक माह के एक तारीख से लेकर पांच तारीख तक हर हाल में मिल जानी चाहिए । साथ ही तीन दर्जन से अधिक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन नगर अध्यक्ष शवेता रानी व कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला को सौंपा । इस दौरान नगर अध्यक्ष श्वेता रानी ने सफाई कर्मियों की सारी बात सुनने के बाद उन्होंने भरोसा दिलाया कि आप सभी लोग सफाई कार्य में लग रहे । आपकी जो भी मांग जायज होगी उसे हम अपने संबंधित विभाग से मिलकर आप लोगों की मांग रखेंगे । वेतन बढ़ोतरी के लिए हम हर संभव प्रयास करूंगी इसके पहचान सभी सफाई कर्मी वापस लौट गए ।

## जेपीयू के नए कुलसचिव ने संभाला कार्यभार

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर ।बुधवार को जे पी यू के नए कुलसचिव ने अपना कार्य भार संभाल लिए। बताते चले कि प्रो. ( डॉ ) नारायण दास ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर 26 जून के पूर्वाह्न अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन पटना द्वारा दिनांक- 24/6/2024 को जारी अधिसूचना के आलोक में प्रो. दास ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कुलपति से मुलाकात की जहां कुलपति ने उन्हें बधाई दी। विदित हो कि प्रो. नारायण दास इससे पूर्व वैशाली के जंदाहा स्थित एमएसएम समता कॉलेज में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। बधाई देने वालों में डीएसडब्ल्यू प्रो. उदयशंकर ओझा, कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक, माहाविद्यालय विकास परिषद डॉ वीरेंद्र कुमार, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र, परीक्षा नियंत्रक डॉ दिलीप कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी- कर्मियों ने बधाई दी है।

## सारण एसपी के निर्देश पर मढ़ौरा में अवैध लॉटरी संचालक के विरुद्ध हुई कार्रवाई

प्रात: किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा में सारण पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कुमार आशीष के निर्देश पर सोशल मीडिया पर अवैध लॉटरी का वीडियो हो रहे वायरल में व्यक्ति की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उक्त वायरल वीडियो में दिख रहा। अवैध लॉटरी के धंधेबाज की पहचान कर उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत एक प्राथमिकी मढ़ौरा थाने में थाना अध्यक्ष के लिखित बयान पर दर्ज की गई है मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहे। व्यक्ति की पहचान गुप्त सूचना के आधार पर की गई जीसके बाद थाना अध्यक्ष के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कि गई। डीएसपी नरेश पासवान ने कहा कि मढ़ौरा के मोहन बगान, इसरौली, मिजार्पुर, हसनपुरा, अन्य कई स्थानों पर अभी भी छापेमारी की जा रही है उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह का अवैध लॉटरी का धंधा चलाते पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति विजय पांडे जो भेल्दी के रेपुरा निवासी धर्मवीर पांडे का पुत्र बताया जाता है इसके द्वारा चोरी छिपे इसराइली बसवारी के पास झोपड़ी गिरकर अवैध लॉटरी का धंधा काफी समय से संचालित किए जाने की बात सामने आई इसके बाद उक्त धंधेबाज के ऊपर धारा 420 के तहत एक प्राथमिकी मढ़ौरा थाने में दर्ज कर ली गई है डीएसपी नरेश पासवान ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध लॉटरी व शराब निर्माण व बिक्री की सूचना पुलिस को दे सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## सीएम कन्या उत्थान ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । बिहार बोर्ड से 2024 में मैट्रिक प्रथम श्रेणी छात्र-छात्राएं , इंटर प्रथम श्रेणी की छात्राएं एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के केवल छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना ऑनलाइन आवेदन की तिथि 30 जून निर्धारित है । बता दें कि मेधा सॉफ्ट पोर्टल पर कन्या उत्थान योजना के तहत छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है ' मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले छात्र-छात्राओं दोनों को निर्धारित समय के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है, तत्पश्चात उन्हें 10000 दिए जाने का प्रावधान है । जबकि इंटर प्रथम श्रेणी से पास केवल गर्ल्स के लिए सीएम प्रोत्साहन योजना के तहत 25000 दिया जाता है । वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को भी मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत प्रथम डिवीजन से पास करने वाले केवल छात्रों को भी 25000 दी जाती है । यह योजना 2024 में मैट्रिक एवं इंटर पास छात्रों के लिए है, 15 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन चल रहा है, और अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है ' अब तक जो भी छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए हैं, उन्हें समय सीमा के अंदर करने की आवश्यकता है, तभी छात्र-छात्राएं इस योजना के हकदार होंगे।

## भाकपा ने स्वामी सहजानंद को पुण्यतिथि पर संकल्प के साथ किया याद

प्रात: किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण ।अखिल भारतीय किसान सभा और भाकपा की प्रखंड इकाई के तत्वावधान में ओल्हनपुर गांव में किसानों के प्राण महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी सहजानंद सरस्वती की ७५ वी पुण्यतिथि श्रद्धा एवं गर्मजोशी से मनाया गया । पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता किसान सभा के जिला संयोजक का भरत राय ने किया। समारोह के प्रारंभ में उपस्थित किसानों एवं खेत मजदूरों ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए स्वामी जी अमर रहें, एम एस पी को कानूनी दर्जा दो ,किसानों का कर्ज माफ करो , मढ़ौरा चीनी मिल चालू करो आदि नारो से वातावरण को गुंजायमान कर दिया । तत्पश्चात समारोह को संबोधित करते हुए भाकपा के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि स्वामी जी किसानों एवं ग्रामीण मजदूरों के प्राण थे ।उन्होंने किसान आंदोलन को नया आयाम प्रदान कर स्वतंत्रता आंदोलन के साथ देश के किसानों को जोड़ने का काम किया । उन्होंने देश के किसानों की दयनीय हालत में गुणात्मक सुधार के लिए सतत संघर्ष का आह्वान करते हुए स्वामी सहजानंद सरस्वती को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया । समारोह में प्रो भूपेश भीम ,संजीत कुमार सिंह , राहुल तिवारी , जमादार राय ,संजय कुमार, मनोज कुमार यादव , मोहन राय ,विष्णु देव राय, शिव नारायण राय, मनु प्रसाद , विकास कुमार ,राजाराम यादव,मिश्रीलाल राय आदि उपस्थित थे ।

## बनियापुर मे चहक प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर । बनियापुर मे तीन दिनों से चल रहे स्कूल रडिनेस के अंतर्गत कार्यक्रम चहक का समापन समापन समारोह का अयोजन मध्य विद्यालय बालक मे किया गया,जहा कार्यक्रम मे बी ई ओ रामनाथ बैठा ने प्रतिभागी शिक्षक को संबोधित कर अर्जित प्रशिक्षण को विद्यालय के बच्चो के बीच कुशल प्रदर्शन कर लाभान्वित करने को कहा ,वही बी ई ओ रामेश्वर यादव ने कार्यक्रम के उदेश्य पर प्रकाश डाला,साधन सेवी शैलेन्द्र पाण्डेय ने प्रशिक्षुओ को प्रशिक्षण मे बताए एक एक गतिविधियों तथा उनसे वर्ग एक दो के बच्चो को होने वाले बौद्धिक मानसिक विकास तथा उत्सुकता की चर्चा किया,साधन सेवी समरेंदु कुमार संजीत ने एफ एल एंन,तथा खेल खेल मे गतिविधि से शिक्षा देने, कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया।जहा मौके पर सदन प्रसाद श्रीकांत पाण्डेय त्रिपुरारी सिंह गुड्डू सिंह मनोज प्रसाद कौशर अली सहित सभी प्रशिक्षु शामिल थे।

## मंगल राज वाले बिहार में 3 दिन में 33 अपराधिक वारदात हुई : संजय

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा ।युवा राजद जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहां की मोदी के मंगल राज वाले बिहार में 3 दिन में 33 आपराधिक वारदात आए हुई। जिसमें मर्डर, अपहरण, चाकू बाजी, गोलीबारी,लुट ठगी और डकैती शामिल है। बिहार में 6 दलों के 6 चक्को एवं मिलावटी ईंधन पर चल रही डबल इंजन सरकार में अपराध और भ्रष्टाचार सारे फाटक तोड़कर आम आदमी के घर में घुस तांडव मचा रहे हैं। मोदी जी को चुनाव में ही सिर्फ जंगल राज के जंगली सपने आते हैं। अब तो बिहार में दिन दोगुनी रात चौगुनी वृद्धि कर रहे रिकॉर्ड टूर अपराध पर दो शब्द निंदा की अपेक्षा है वैसे भी सभी न्याय प्रिय एवं विवेकशील बिहार कहते हैं कि आपको चुनाव की वक्त ही जंगल के जंगली सपने आते हैं। आप और आपकी पार्टी के नेता जंगल राज जंगल राज करके आज बिहार में मंगल काट रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वसीम अकरम और मो इस्लाम को हुई सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सह स्पेशल उत्पाद कोर्ट 02 ने उत्पाद थाना कांड संख्या -1130/20, टी आर- 217/22 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए प्राथमिक दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त वसीम अकरम, मानगो आजादनगर (जमशेदपुर) और मो इस्लाम, मानगो (जमशेदपुर) को बिहार मध निषेध उत्पाद अधिनियम के धारा -30 के अंतर्गत दोषी पाते हुए दोनों को 08 साल की सजा सुनाई है और दो -दो लाख रुपए जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि न देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। इससे पूर्व अभियुक्तों को उपरोक्त घटना में दोषी करार देते हुए 19 जून 24 को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी शेखर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी 06 नवंबर 20 को दर्ज कराई गई थी, जिसमें कहा गया था कि उक्त तिथि को कुटुम्बा के एरका चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था।

### राजद संसदीय दल के नेता ने इंडिया गठबंधन के बैठक में लिए भाग

गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी इंडिया गठबंधन के नेता के साथ मगध औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, सांसद सह नेता, संसदीय दल-राष्ट्रीय जनता दल, एवं जहानाबाद लोकसभा सांसद सुरेन्द्र यादव ने भाग लिया और आने वाले संसदीय कार्य मे रुप रेखा में भाग लिया और अपने राय दिए हैं।

### 18वीं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को औरंगाबाद सांसद ने दी बधाई

गया। गया औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा ने आज संसद में आठरहवी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चुने जाने पर कहा कि मैं अपनी तरफ से अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की और से दिल के गहराई से बधाई दीए है। 17 वी लोकसभा में आपको टीवी पर देखता था, मुझे सोभाग्य प्राप्त हुआ इतना नजदीक से देखने का, आपसे यह उम्मीद है कि नये सदस्यों का संरक्षण निश्चित रूप से प्राप्त होता रहेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर न्यायालय में जजो ने ली शपथ

शेरघाटी। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार बुधवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया मदन किशोर कौशिक के दिशानिर्देश एवं अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश प्रथम दीपक कुमार के नेतृत्व में अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय शेरघाटी परिसर में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थो का सेवन नहीं करने का शपथ लिया साथ ही इससे होनेवाले हानिकारक प्रभावों से लोगों को अवगत कराने का संकल्प लिया। इस मौके पर एडीजे तृतीय अमरजीत कुमार, सब्जज प्रथम रंजय कुमार, सब जज द्वितीय प्रीति कुमारी, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कुमार शिवम, कल्पना भारती, प्रज्ञा ऐश्वर्या, शबनम जवी, द्वितीय श्रेणी मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह के अतिरिक्त न्यायिक कर्मचारी अनूप कुमार, शशि सिंह, मनीष प्रकाश, महबूब मुस्तफा, जियाउद्दीन, मनीष श्रीवास्तव, राजू कुमार, सुमित कुमार, अभय कुमार के अलावे अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### सत्यचंडी धाम आद्रा मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से सटे हुए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा में आद्रा मेला के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तिमय वातावरण में लोग माता सत्यचंडी की पूजा करते हुए लोग देखे गए। सत्य चंडी धाम न्यास समिति समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि 22 जून से 6 जुलाई तक आद्रा मेला का आयोजन किया गया है इस मेल में दूर दराज से लोग दर्शन पूजा करने आते हैं। शक्ति की उपासना करने वाले लोग आद्रा मेला में आकर अपनी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना करते हैं कुछ लोगों की मनौतियां होती हैं जो पूरा होने पर पुनः आकर दिनभर का अनुष्ठानिक पूजा करते हैं। मेला परिसर में सैकड़ो दुकानें सजी हैं मीना बाजार, खेल तमाशा, बच्चों के मनोरंजन हेतु चरखा, ब्रेक डांस आदि लगे हुए हैं। मेला को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए जिला प्रशासन की एक टीम भी यहां लगातार अपनी ड्यूटी दे रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत महसूस ना हो। पुण्यदायिनी बटाने के पावन तट पर अवस्थित सत्यचंडी धाम में सती का रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण मिलता है। यह जगह शक्ति उपासना के साधकों के लिए अति महत्वपूर्ण है। अरुण कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह ने आद्रा मेला को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

# जीवन चुने नशा नहीं, नशीले पदार्थो के दुरूपयोग जीवन के लिए घातक : जिला जज

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। मादक पदार्थो के सेवन नशीली दवाओं का दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरूद्ध अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार अन्तर्गत जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज की अध्यक्षता में जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों अधिवक्ताओं तथा न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्बन्धित पैनल अधिवक्ताओं तथा कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे की लत का खतरा विश्व के साथ-साथ भारत के युवाओं में तेजी से फैल रहा है इस दिवस का उद्देष्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नशीली दवाआं से मुक्ति पाना है तथा समाज में सशक्तिकरण लाना है। इस दिन विभिन्न संगठन इस खतरे को खत्म करने के लिए शपथ लेते हैं और अवैध ड्रग्स की चुनौतियों को शान्तिपूर्वक सम्बोधित करने पर जोर देते हैं। उनका मूल सिद्धान्त युवाओं की रक्षा करना और मानव जाति के कल्याण को बढ़ावा देना है। मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं इनकी अवैध तस्कारी के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस होने के कारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एक जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इसका संदेश पुरे देश में जाये इसका प्रयास किया जा रहा है। इस शपथ सह जागरूकता कार्यक्रम मे सत्य भूषण आर्या प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पंकज मिश्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, धनन्जय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितीश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनन्जय कुमार मिश्रा, निशीत दयाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनन्द भूषण, सौरभ सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त मिश्रा, शिव कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेष प्रसाद, मनीष कुमार जायसवाल, पंकज पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम, सहित समस्त न्यायिक पदाधिकारीगण, सहित कर्मचारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित होकर कर इस अवसर पर शपथ ग्रहण किया। जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित किये गये जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम में मुख्य रूप से मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों और उनके परिवारों पर घृणा और भेदभाव के नकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने, उन लोगो के बीच एड्स और हेपेटाईटिस महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने, जो नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थो का उपयोग करते हैं और एचआईवी और हेपेटाइटिस रोकथाम कार्यक्रमों का विस्तार करके उन्हें मजबूत करने, मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं के उपयोग करने वाले सभी लोगो के लिए साक्ष्य-आधारित स्वेच्छिक सेवाओं का बढ़ावा देने, मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं के उपयोग के विकारों, उपलब्ध उपचारों और शीघ्र हस्तक्षेप और सहायता के महत्व के बारे में शिक्षित करने, मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं के उपयोग करने वाले लोगो के लिए सम्मानजनक भाषा और व्यवहार को बढ़ावा देकर घृणा और भेदवभाव से मुकाबला करने के लिए प्रेरित करने, मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं के उपयोग और व्यसन को रोकने के लिए युवाओं और समुदाय को सशक्त बनाने पर इस शपथ कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकत किया गया साथ ही जोर देते हुए कहा गया कि किसी प्रकार का नशा का सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे-धीरे करके मौत के मुँह में धकेलता रहता है और लोग जाने-अंजाने में नशीली दवाओं का सेवन करते रहते हैं। मानव शरीर पर नशीली दवाओं के उपयोग से उसकी प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है जिसका प्रभाव सीधे उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने आगे बताया गया नशीली दवाओं का निर्माण स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के ईलाज किया जाता है जो बिना चिकित्सक के परामर्श और बिना लिखित पर्चा के देना एवं बेचना, एवं सेवन करना गैर कानूनी है और इसके लिए कानून में कई प्रावधान किये गये हैं।

## जम्होर के सोनू साइकिल से 33वें दिन केदारनाथ पहुंचे

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की धार्मिक एवं ऐतिहासिक ग्राम जम्होर निवासी सोनू सिंह ने साइकिल से केदारनाथ की दूरी सफलतापूर्वक तय करते हुए आज अपने मंजिल पर पहुंच गए और वहां महादेव का दर्शन किया। पिछले माह 25 मई को ग्राम जम्होर के दुर्गा मैदान से साइकिल से अपनी यात्रा शुरू की थी और आज 33 वें दिन जम्होर से 1292 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए केदारनाथ पहुंचे। सोनू ने बताया कि रास्ते में बहुत से कठिनाईयां आई, पहाड़ चढ़ने परेशानी हुई लेकिन जुनून था और हमने अपने मंजिल को तय किया केदारनाथ के बाद हम साइकिल से ही बद्रीनाथ जाएंगे और वहां दर्शन के बाद वापस अपने गांव को लौटेंगे। सोनू सिंह द्वारा साइकिल से केदारनाथ पहुंचने पर पूरे जम्होर में खुशी की लहर है। जम्होर वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह कीर्तिमान है जो एक ग्रामीण परिवेश का लड़का साइकिल से केदारनाथ की यात्रा की। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सोनू सिंह के इस उपलब्धि को गीनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जाना चाहिए। जम्होर वासियों ने बधाई देते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक कार्य है। बधाई देने वालों में सुमित मूर्तिकार, उपेंद्र शर्मा, शिक्षक राजेश रंजन, गायक अमित कुमार सिंह, राणा सुनील सिंह, राम पुकार ओझा शामिल रहे।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा आरा मंझौवा हवाई अड्डा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। उप विकास आयुक्त, भोजपुर/ अपर समाहर्त्ता, भोजपुर/ जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भोजपुर/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा/ अंचलाधिकारी, सदर आरा/ संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन के साथ आज मझौवा स्थित हवाई अड्डा का निरीक्षण किया गया। . निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि स्थानीय लोगों द्वारा मंझौवा हवाई अड्डा का चहारदीवारी कई जगह क्षतिग्रस्त कर रास्ता बना दिया गया है। साथ ही 01 मंदिर का स्ट्रक्चर मंझौवा हवाई अड्डा के अंदर बना हुआ पाया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी, सदर आरा को निदेश दिया गया कि चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर रास्ता बनाने वाले एवं मंदिर का स्ट्रक्चर बनाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नोटिस निर्गत करेंगे एवं प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। अंचलाधिकारी, सदर आरा को निदेश दिया गया कि मंझौवा हवाई अड्डा के अंदर एवं चहारदीवारी से सटे हुए किये गये अतिक्रमण को अतिक्रमणवाद प्रारंभ कर अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा मंझौवा हवाई अड्डा के चहारदीवारी को सुदृढ़ीकरण करने, चहारदीवारी को ऊँचा करने, चहारदीवारी के ऊपर 04 फीट कटीला वायर लगवाने, अत्याधुनिक एयर स्टीट के निर्माण, सुरक्षा प्रहरी कक्ष, जेनरेटर कक्ष, अतिथि गृह, बोरिंग, शौचालय, लाइटिंग की व्यवस्था, फायर यूनिट आदि का प्राक्कलन तैयार कर एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा को मंझौवा हवाई अड्डा के सटे हुए आसपास अवैध रूप से बनाये गये घर के मालिक को चिन्हित करते हुए नियम के अनुसार नोटिस निर्गत करने एवं अवैध रूप से बनाये गये घर को तोड़ने, अवैध गृह निर्माण पर रोक लगाने आदि का निदेश दिया गया।

## विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन अभी से है तैयार

प्रात : किरण संवाददाता



गया। मोक्ष धाम गया जी में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक पितृपक्ष मेला चलेगा। पितृपक्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के के पदाधिकारी एवं सदस्य डीएम डॉ त्यागराजन एसएम एवं नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा को एक 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमें देश-विदेश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में हिंदू तीर्थयात्री अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान करने गया जी आएंगे। समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल एवं पूर्व सदस्य महेश लाल गुप्त ने जिला पदाधिकारी को पितृपक्ष शुरू होने से दो महा पूर्व से ही कार्य योजना तैयार करने का अनुरोध किया है। ताकि ससमय सभी तैयारी बेहतर तरीके से संपन्न हो सके। संपूर्ण मेला क्षेत्र में आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए यातायात नियंत्रण की व्यवस्था। पिंडदानियों को धूप और बारिश से बचाव के लिए देवघाट पर स्थाई रूप से शेड की व्यवस्था। संपूर्ण मेला क्षेत्र के मुख्य सड़कों पर से अतिक्रमण हटाया जाए। गया रेलवे जंक्शन पर निर्माणधीन प्लेटफॉर्म पर तीर्थयात्रियों के आवागमन की बेहतर सुविधा हो।

सड़क मार्ग से आने वाले तीर्थ यात्रियों के वाहन पड़ाव के लिए पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हो। मेला क्षेत्र में निर्वाध रूप से बिजली की आपूर्ति के लिए जर्जर बिजली के तारों का मरम्मत एवं अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाया जाए। तीर्थ यात्रियों को आवासन स्थल पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो। मेला क्षेत्र के सभी पिंडवेदियो एवं तालाबों की बेहतर साफ सफाई की सुविधा। गदालोल तालाव की घेराबंदी कर सौंदर्यीकरण किया जाए।

बुडको द्वारा पाइप बिछाने को लेकर काटे गए सड़कों की शीघ्र मरम्मत की जाए। रामशिला- प्रेतशिला मुख्य मार्ग चंद्रशेखर जनता कॉलेज- गंगा महल पथ का निर्माण किया जायें। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल, महेश लाल गुप्त, कोषाध्यक्ष सुनील लाल हल, बच्चू भाई चौधरी एवं मणिलाल बारीक शामिल थे।

## खननी कला कांडः भोजपुर पुलिस टीम पर हमले के आरोपित छह गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अगिआंव थाना क्षेत्र के खननी कला गांव महादलित टोले में पुलिस पर हमला और आरोपित को छुड़ा ले जाने के मामले में अबतक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनमें खननी कला गांव निवासी गुड्डू कुमार उर्फ चितरंजन कुमार, नागेंद्र राम, रवि शंकर कुमार, दशई राम, प्रदीप कुमार उर्फ सूरज कुमार और भगवान बैठा शामिल हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के बयान पर 45 नामजद और डेढ़ सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

एएसपी परिचय कुमार की ओर से मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम सूचना मिली कि खननी कला गांव निवासी सुदर्शन राम परिजनों और सहयोगियों के साथ शराब बनाने एवं बेचने का धंधा कर रहा है। उस आधार पर शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। उसमें दारोगा अरविंद कुमार, ट्रेनी दारोगा गांधी नाथ पाठक, गोरे लाल कुमार, एएलटीएफ प्रभारी एएसआई अशोक कुमार मिश्र और सीआइएटी के जवान शामिल थे।

टीम तत्काल खननी कला गांव पहुंची। पुलिस द्वारा सुदर्शन राम को गिरफ्तार किया गया और मौके से दस लीटर शराब बरामद की गयी। तभी सुदर्शन राम के परिजनों सहित आसपास के लोगों द्वारा लाठी-डंडे, फरसा, तलवार, दाब और ईंट-पत्थर से पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। हमलावरों द्वारा गिरफ्तार सुदर्शन राम को पुलिस के कब्जे से जबरन छुड़ा भी लिया गया। हमले में पुलिस अधिकारी और जवान चोटिल हो गए। उसके बाद छापेमारी कर छह आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपितों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## गया नगर निगम के तुगलकी फरमान के खिलाफ कल रहेगा गया बंद

प्रात : किरण संवाददाता



गया। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार तथा गया नगर निगम द्वारा गया शहर के लगभग 80 हजार मकानों के टैक्स में बेतहासा वृद्धि से गयावासियों में भयानक आक्रोश है। गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, पार्षद प्रतिनिधि शशि किशोर शिशु, पार्षद अनुपमा कुमारी, प्रियरंजन डिम्पल, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, इंटक अध्यक्ष कृष्णा सिंह, कॉंग्रेस सेवादल अध्यक्ष टिंकू गिरी, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रदीप शर्मा, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, उदय शंकर पालित, मोहम्मद समद, मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद नवाब, कमलेश चंद्रवंशी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, आदि ने कहा कि गया नगर निगम के मनमाने ढंग से मकान टैक्स वृद्धि के तुगलकी फरमान के खिलाफ गयावासियों के सहयोग से 28 जून 2024 को " गया बंद " को ऐतिहासिक सफल बना कर सरकार एवं गया नगर निगम को करारा जवाब देने का निर्णय लिया गया है। नेताओं ने अपना हक, अपनी मांग के नारे को बुलंद करते हुए गया जिला के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठन, एवं आमजन से गया बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील किया है। नेताओं ने इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल, सी पी आई, सी पी आई ( ए म ), माले, भी आई पी, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, के साथ साथ सत्ताधारी पार्टियों के नेताओं, कार्यकताओं से गया बंद में सहयोग की अपील किया है।

नेताओं ने बिहार प्रदेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स गया इकाई, गया जिला बार एसोसिएशन, गया जिला अधिवक्ता संघ, आई ए म ए, गया जिला बुलियन एसोसिएशन, गया जिला दावा विक्रेता संघ, गया जिला सब्जी विक्रेता संघ, गया जिला ऑटो, टेम्पो चालक संघ, गया जीला बस, ट्रक एसोसिएशन संघ, गया जिला प्राइवेट स्कूल संघ, आदि से भी अपील किये है कि 28 जून 2024 को गया बंद को सफल बनाने में सहयोग करे।

## पूजा हत्याकांड के गुत्थी सुलझाने में जुटी है पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। प्रखंड क्षेत्र के बनियाडीह गाँव मे बीते सोमवार की देर रात घर में सो रही 12वीं की छात्रा को गला काटकर हत्या के मामले को लेकर पुलिस गुत्थी सुलझाने में लगातार सेल टीम व अन्य टीम के साथ जुटी हुई है।

ऐसे में घटना हॉरर किलिंग की है इधर घटना के दौरान युवती अपने छोटे भाई के साथ घर में सो रही थी तभी यह घटना हुआ आखिरकार उसके छोटे भाई को इसका क्यो भनक नही लगा यही भी पुलिस के लिए सिरदर्द है। यह घटना की जानकारी तब मिली थी जब सुबह मंगलवार को मृतक के माँ झाड़ू लगाने के लिए पहुँची तभी अपनी बेटी को खून से सना और मृत देखा देखते ही वह जोर जोर से शोर करने लगी। तभी ग्रामीण वहाँ जुट जाते है इस घटना को देखते ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुँचा तो प्रथम दृस्य में यह प्रत्तित हुआ कि यह हॉरर किलिंग है, इसके बाद एफएसएल की टीम एवम डॉगसकॉइड को तहकीकात के लिए बुलाया गया उक्त दौरान घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार को पाया जिससे घटना का अंजाम दिया गया, इधर पुलिस लगातार मामले को तात्पर्य दिख रही है। जानकारी के मोताबिक मृतिका का प्रेम संबंध होने की भी चर्चा हो रही है, ग्रामीण दबे जुवान से कुछ बताना नही चाह रही है, फिलहाल पुलिस उस मामले को काफी सूझ बूझ के साथ सुलझाना चाह रही है, जानकारी के मुताबिक मृतक के पहचान पूजा कुमारी के रूप में हुई है वह 12वीं की छात्रा है। घटना को लेकर शेरघाटी थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया की फिलहाल पूजा के हुई हत्या कांड मामले को लेकर एफएसएल की टीम एवं डॉग स्क्वॉड के माध्यम से मामले की तहकीकात की जा चुकी है लेकिन कई मामले ऐसे हैं जिसे परखना एवं सुलझाना मशक्कत दिख रही है वही इस हत्या के मामले में आखिर किसका हाथ है और किसने इस घटना का अंजाम दिया यह भी एक बड़ी मामला है पुलिस हरबिंदु पर बारी-बारी से पड़ताल करते हुए आरोपी के दमन तक पहुंचाना चाह रही है उन्होंने बताया कि आरोपी का पता लगाने में पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

## फैशन ब्यूटी का एक दिवसीय सेमिनार का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। आरा फैशन और ब्यूटी जगत में बहुत ही तेजी से नये - नये चेहरे का आगमन हो रहा है, जिसमें नयी उम्र की लड़कियां भी कैरियर बना रहीं हैं। नये चेहरों को एक अच्छा प्लेटफार्म देने केलिए वसीम अहमद बनारसी, अन्नु मेकअप आर्टिस्ट ब्लौसम ब्यूटी क्लिनिक एण्ड स्पा एकेडमी ब्यूटीशियन ट्रेनर वर्षा खान ने शंकर गेस्टहाऊस स्टेशन रोड आरा इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट अमित गुड़िया दिल्ली से एवं सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट प्रदीप जसवाल प्रयागराज से शहर में पहली बार एक दिवसीय मेकअप हेयर कट सेमिनार में इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट अमित गुड़िया जैसे पहुंचे ही पूरा होल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा उनके द्वारा मेकअप लाइव कर के दिखाया गया युवा लड़कियों और महिलाओं ने लाइव देखकर कुछ नये मेकअप टेक्निक्स सीखीं वर्षा खान ब्यूटीशियन ट्रेनर ने कहा मैं हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करतीं हूं कोई कितनी भी अच्छी नौकरी करले लेकिन उसमें कला कुछ हुनर ऐसा होना चाहिए जिससे वो नौकरी ना होने कि दशा में भी बुरी से बुरी परिस्थिति आने अपना जीवन यापन कर पाए इस सेमिनार में संकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं जिसमें शीला देवी, किरण कुमारी, रिंकु तिवारी, रस्सी उपाध्याय, पूजा कुमारी, रेशमा खातुन, सुमन देवी, नितु खुराना आदि मौजूद रहे।

## गोपालपुर के निकट यात्री बस से गिरकर मजदूर की मौत

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। नेशनल हाईवे 2 पर उत्तर प्रदेश के इटावा अपने घर लौट रहे बस में सवार होकर लौट रहे 300 मजदूरों से भरा बस से गिरकर एक मजदूर के मौत होने का मामला प्रकाश में आया है, जानकारी के मोताबिक गया जिले शेरघाटी प्रखंड के टनकुप्पा जा रही यात्री बस से मंगलवार के देर रात एक मजदूर सड़क पर गिर गया जिससे उसकी मौत मौके पर हो गई यह हादसा शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के निकट की बताई जाती है, जहां हादसे के शिकार हुए मजदूर के पहचान मानिकपुर गांव के चंदेश्वर मांझी के रूप में किया गया है, हादसे के लिए जिम्मेदार यात्री बस को पुलिस ने अपनी कब्जे में लेकर थाने लाई है। और उसके चालक को भी हिरासत में लिया गया है, घटना की जानकारी मिलते ही पहुँची शेरघाटी थाना के पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल चली आई। वहीं बस पर सवार मजदूरों के साथ मृतक मजदूर की पत्नी भी सवार थी जिसका नाम मुन्नी देवी और उसके तीन छोटे छोटे बच्चे है, जबकि मृतक के पत्नी 6 माह की गर्भवती है,

इस हादसा का पता तब चला जब लोग किसी समान गिरने की बात चिल्लाकर कहने लगे। तभी 54 सीटों वाली यह बस पर महिलाओं बच्चों समेत 300 मजदूर जहां सवार थे वह देखकर भौचक रह गए। मौजूद रीना देवी, मुन्नीलाल मांझी, आदि ने बताया कि हम सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के एट भट्टे पर काम करते हैं। वहाँ के स्थानीय ठीकेदार इटावा से सभी मजदूर को उनके घर वापस भेजने के लिए एक बस रिजर्व कर दी थी, मजदूरों का कहना है कि उनकी संख्या अधिक होने के कारण उन लोगों को ने दो बस की व्यवस्था करने की मांग की थी, लेकिन ठेकेदार ने एक ही बस में हमसब को जैसा भेड जैसा लाद दिया सबको भेज दिया। जिसके कारण अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने से पहले ही यह घटना हो गया बस में इतनी भीड़ थी कि आदमी पर एक दूसरे पर सवार होकर लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय कर थे। भीड़ से बचने के लिए कुछ लोग बस के छत पर सवार हो गए थे। शेरघाटी थाने की पुलिस ने बताया कि हादसे के लिए जिम्मेदार बस को जप्त कर लिया गया है।

## जगदीशपुर में डिलेवरी ब्वॉय से लूटपाट करने वाले तीन अपराध कर्मी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जगदीशपुर। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाने की पुलिस ने डिलेवरी ब्वॉय लूट कांड का खुलासा करते हुए तीन अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से डिलेवरी ब्वॉय से लूटा गया एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। अपराध कर्मियों को गड़हनी और रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र से सोमवार की रात गिरफ्तार किया गया। उनमें गड़हनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी अक्षय कुमार, मदुरी गांव निवासी अनूप कुमार और कोचस थाना क्षेत्र के बहटूटिया गांव निवासी राजकुमार शामिल हैं। एएसपी परिचय कुमार द्वारा मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। बताया कि 14 जून की दोपहर फ्लिफकार्ट कंपनी में डिलेवरी ब्वॉय का काम करने वाले उदवंतनगर थाना क्षेत्र के छोटी सासाराम गांव निवासी प्रमोद कुमार से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के घुटुर के डेरा के पास लूट पाट की गयी थी। हथियार के बल पर तीन अपराध कर्मियों द्वारा डिलेवरी ब्वॉय की बाइक, करीब चार हजार रुपए और शिपमेंट की लूट की गयी थी। उसके बाद अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी को जगदीशपुर के अपर थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम की ओर से तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के आधार पर तीनों अपराध कर्मियों की पहचान की गयी। सोमवार की रात तीनों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से डिलेवरी ब्वॉय से लूटे गए सहित दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। लूटी गयी बाइक और लूट में इस्तेमाल हथियार के बारे में पुलिस द्वारा गिरफ्तार अपराधियों से जानकारी ली गयी है। साथ ही तीनों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

## सीएम उद्यमी योजना का लाभ लें : प्रकाश पटवा

प्रात : किरण संवाददाता



गया। प्रकाश राम पटवा अध्यक्ष जदयू व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ ने कहा सीएम नीतीश कुमार ने बीमारू बिहार को विकसित बिहार बनाने का काम किया। जिस बिहार की बेटियां डर के साए में घरों से निकलना मुनासिब नहीं समझती थी। आज उसी बिहार में बिहार की बेटियां पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग में शिक्षक में अन्य विभाग में भर्ती होकर सेवा दे रही है। सीएम नीतीश कुमार ने नगर निकाय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में, नौकरी में आरक्षण देकर देश में नया अध्याय लिखने का काम किया है। आज बिहार में बिजली की बढ़ोतरी के कारण व्यवसायिक वर्ग देर रात तक अपनी दुकानें को एवं प्रतिष्ठान को चला रहे हैं, पहले से व्यापार का ट्रांजेक्शन ज्यादा हो रहा है। लोग निर्भय होकर व्यापार और उद्योग लगा रहे हैं। व्यापारी एवं उद्योग के लिए सरकार के नियमों को सरलीकरण किया है। उद्योग लगाने के लिए सरकार उद्यमी योजना चला रही है। इस योजना के माध्यम से उद्योग लगाने के लिए दस लाख रूपया मिलते हैं उसमें से पांच लाख अनुदान होता है बाकी कई किस्तों में लौट आना पड़ता है। सरकार युवा महिला अति पिछड़ा महादलित सभी के लिए उद्यमी योजना का लाभ दे रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 27 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### विधि विवादित किशोर फरार की सुचना पर औचक निरीक्षण

औरंगाबाद। किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी न्यायधीश सुशील प्रसाद सिंह ने प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया और बक्सर जिला के फरार विधि विवादित किशोर की जानकारी ली। प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी के अधीक्षक को निर्देश दिया कि 24 घंटे के अंदर इस घटना का विस्तृत विवरण कारण सहित प्रस्तुत करें। जानकारी देते हुए पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि घटना के पीछे सुरक्षा में चूक प्रतीत होता है। न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा पूर्व में भी कई बार प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी का निरीक्षण किया और हमेशा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने की हिदायत दी थी। पिछले बार निरीक्षण में 07 सुरक्षा प्रहरी को अनुपस्थिति रहने पर शोकोज करते हुए वेतन कटौती का आदेश दिया गया था।

### शहर तेलपा मे शाखा प्रबंधक को आंखों नम दी गई विदाई

अरवल। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शहर तेलपा शाखा प्रबंधक अशोक कुमार के सम्मान में बैंक परिसर में विदाई समारोह सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक अशोक कुमार को विदाई दी गई तो वही नए शाखा प्रबंधक दीपक कुमार को स्वागत किया गया। इस दौरान दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सीएसपी संचालक दीपक कुमार सोनी कुमारी लोजपा रामविलास के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन कैसियर अमित कुमार नवल पासवान उर्फ सवल पासवान ब्यूटी कुमारी अनिता कुमारी समेत अन्य लोगो ने माला पहनकर डायरी पेन एवं अंगवस्त्र देकर भावपूर्ण भव्य तरीके से स्वागत किया। मौके पर शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि यहां के स्थानीय लोगों ने हमें जो प्यार दुलार दिया है वह कभी नही भूलेंगे।

### ऑटो की ठोकर से युवक हुआ जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप बुधवार के दिन आटो की ठोकर से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान मोहनपुर गांव निवासी प्रमोद सहनी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी युवक को ईलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी युवक के हालात में सुधार होने की बात बताई गई। घटना के बाद ऑटो भागने में सफल रहा। वहीं पुलिस मामले की छानबीन करने की बात कही है।

### 45 बोतल शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिरसी से पुलिस में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर 45 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। शराब की कुल मात्रा 16.875 लीटर बताई गई है। वहीं गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान सिरसी वार्ड तीन निवासी टुनटुन यादव के पुत्र सुधीर यादव उर्फ सुधीर कुमार के रूप में की गई है। पुअनि राहुल कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

### दोस्तों के विरुद्ध दर्ज कराया हत्या का एफआईआर

समस्तीपुर। नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 आजाद नगर मोहल्ला से बीते सोमवार को कचरे के पास एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। जिसकी मंगलवार को वैनी थाना क्षेत्र के कैजिया विष्णुपुर के दिलीप कुमार मिश्रा के पुत्र दिवाकर कुमार (24 वर्ष) के रूप में हुई थी। मृतक युवक के पिता के आवेदन पर नगर थाना में उसके चार दोस्तों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में दिलीप कुमार मिश्रा ने कहा है कि बीते 23 जून की दोपहर उनके पुत्र दिवाकर कुमार को कैंजिया विष्णुपुर के हरेराम मिश्र का पुत्र सत्यम कुमार, नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर मोहल्ला निवासी मृणाल मिश्रा, मोनू मिश्रा व मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तालदशहरा निवासी लालबहादुर राय का पुत्र रविंश कुमार उर्फ रवि बुलाकर ले गया था।

### युवती के होने वाले पति को शादी नहीं करने की दी धमकी

समस्तीपुर। जिले के कपूरीग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती की शादी रुकवाने को लेकर बदमाशों ने पहले उसके होने वाले पति को युवती से शादी नहीं करने का दवाब बनाते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। वहीं युवती की शादी होने के बाद बदमाशों ने अलग-अलग नाम की फेसबुक आईडी से युवती की नग्न तस्वीर बनाकर उसे अपलोड करने व फेसबुक के माध्यम से भेजने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़ित युवती के पिता के द्वारा साइबर थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि जिले के ही एक थाना क्षेत्र अंतर्गत दो-तीन महीने पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री की शादी पूरे धूमधाम के साथ की थी। वहीं शादी होने से दो दिन पूर्व ही उनके होने वाले दामाद के मोबाइल नंबर पर बदमाशों ने फोन कर उनके दामाद को उनकी पुत्री का नाम लेते हुए उसके साथ शादी नहीं करने को कहा और शादी करने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहने की धमकी दी।

# 24 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राई साइकिल का किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) ।जिला बुनियाद केंद्र बैरिया में 24 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया ' इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैरिया, जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र आदि उपस्थित रहे ' सहायक निदेशक ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस है ' आज दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राई साइकिल के वितरण के साथ नशा मुक्ति के क्षेत्र में जागरूकता का भी आयोजन किया गया है ' इस आयोजन में आये दिव्यांगजनों के साथ उनके परिजन, बुनियाद केंद्र के कर्मी एव प्रखण्ड कर्मियों के बीच सहायक निदेशक ने नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाया। सहायक निदेशक ने बताया कि दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राई साइकिल का वितरण मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना (सम्बल) के तहत दिया जाता है ' इस योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, श्रवन यन्त्र, वैशाखी आदि का वितरण किया जाता है। इस आयोजन में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के हित के प्रति दृढ संकल्प है ' दिव्यांगजनों के किसी भी समस्या का समाधान अविलम्ब किया जायेगा, उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के निराकरण के लिए दिव्यांगजन उनसे कभी भी मिल सकते है ' जिला प्रबंधक ने बुनियाद केंद्र को दिव्यांगजनों के लिए समर्पित बताया ' उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन को चिकित्सीय उपचार के साथ योजना के सम्बन्ध में आवश्यक परामर्श भी दिया जाता है '

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गृह रक्षक के रूप में नामांकन हेतु जिला चयन समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। कर्तव्य के दौरान मृत या स्थाई रूप से अपंग गृहरक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर गृह रक्षक के रूप में नामांकन हेतु आज जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला चयन समिति की बैठक आहूत की गई। विभागीय प्रावधानों तथा बिहार होमगार्ड रूल्स 1953 में परिभाषित अर्हता के आलोक में 10 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर गृह रक्षक के रूप में नामांकित करने का निर्णय जिला चयन समिति द्वारा लिया गया। नामांकित होने वाले आश्रित सोनी कुमारी, कुणाल गिरी, मंगलम कुमार तिवारी, कुंदन कुमार, सुमित कुमार, अमरजीत कुमार सिंह, अभ्यास गिरी, रितेश कुमार यादव, धीरज कुमार सिंह एवं धीरज कुमार हैं। चयन समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## पेपर मिल से हो रही प्रदूषण, ग्रामीणों ने वन विभाग को पत्र भेजा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोईलवर प्रखण्ड के गीधा औधोगिक क्षेत्र स्थित पेपर मिल कम्पनी से फैल रही प्रदूषण को लेकर एक दर्जन गांव के ग्रामीणों ने प्रधान मुख्य वन रक्षक को पत्र भेज प्रदूषण पर रोकथाम की गुहार लगाया है।

मटियारा, कायमनगर, ब्रह्मपुर, पुरदिलगंज, चकिया, बिरमपुर, कृतपुरा, गीधा, मोखलिसा समेत औधोगिक क्षेत्र आस पास गांव के मनोज पासवान, प्रीतम कुमार, आलोक कुमार, महेश चौधरी, सुभाष सिंह, गुड्डू सिंह, विक्की कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र भेज कहा है कि गीधा औधोगिक क्षेत्र स्थित भोला राम पेपर एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड विगत दस से पन्द्रह वर्षो से चल रहा है। पेपर मिल से दिन रात निकलने वाले प्रदूषण से आस पास के दर्जनों लोग गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे है। जिस मिल से एक प्रकार का काला डस्ट हवा के साथ फैक्ट्री के आस पास के गांव में पहुंच रहा है। जो हरी सब्जियों को बर्बाद तो कर ही रहा है। आम लोग और जीव जंतु भी इस प्रदूषण से प्रभावित हो रहे है। प्रदूषण के कारण पक्षियों ने गांव को छोड़ दिया है। गांव के लोगो को महीन डस्ट से आंखे खराब हो रही है, साथ ही सांस की बीमारी बढ़ गयी है। जिससे रोकथाम के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग से गुहार लगाया है।

## न्यायिक पदाधिकारियों ने नशीली उत्पादों का सेवन नहीं करने का लिया शपथ



प्रात : किरण संवाददाता

गया ।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार आज दिनांक 26.06.को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस के सुअवसर पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया नलिन कुमार पांडे ,अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश राजकुमार राजपूत, फैमिली जज सुनील कुमार वर्मा, सचिव आशीष कुमार अग्निहोत्री के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय गया परिसर में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और व्यवहार न्यायालय कर्मचारियों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने किसी भी प्रकार के नशीली उत्पादों का सेवन नहीं करने का शपथ लिया साथ ही इससे होनेवाले हानिकारक प्रभावों से लोगों को अवगत कराने का संकल्प लिया है।

## आर्केस्ट्रा में फरमाइशी गीत बजाने को लेकर हुई मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर(सारण)थाना क्षेत्र के भोरहां गांव में मंगलवार की दोपहर आयी बारात में आर्केस्ट्रा में फरमाइशी गीत बजाने को लेकर बारातियों एवं ग्रामीणों के बीच जमकर मारपीट हुई ।इस मारपीट में आधे दर्जन लोग घायल हो गए वही दूल्हे राजा की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गयी ।इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया ।बताया जाता है कि भोरहां गांव निवासी सहाबुद्दीन अंसारी के पुत्री की बारात मशरक थाना क्षेत्र के बनसोही से बारात आयी थी ।दोपहर चार बजे फरमाइशी गीत बजाने को लेकर बारातियों एवं ग्रामीणों के बीच मारपीट हो गयी ।इस मामले में कन्या पक्ष के अयूब अंसारी ने बारात में व्यवधान उत्पन्न करने एवं बारातियों के साथ मारपीट करने को लेकर अपने ही गांव के आधे दर्जन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है ।वही मारपीट में घायल विक्की कुमार की मां मंजू देवी एवं पुलिस हिरासत में लिए गए उदय कुमार भगत के पिता चेथरु भगत ने भी थाने में आवेदन देकर एक साजिश के तहत मारपीट करने एवं गलत तरीके से फंसाये जाने का आरोप लगाया है ।थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गिरफ्तार उदय कुमार भगत को बुधवार को न्यायालय भेज दिया गया है वही घटना पर प्रशासन की पैनी नजर है।

## अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक की गोली मारकरकी हत्या

छपरा कार्यालय। सारण जिले के डेरनी थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। वही दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं, जिन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है। इस घटना के बाद जहां परिवार वालों में कोहराम मच गया, वहीं स्थानीय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी हैं।

मृत युवक की पहचान जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के छोटका बनैया गांव निवासी भगवान राय के 25 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार के रूप में की गई है। इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि जिले के डेरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटका बनैया गांव निवासी भगवान राय का अपने पट्टीदारों से भूमि विवाद को लेकर मुकदमा चल रहा था। उसी जमीन को जोतवाने के लिए उनके पट्टीऐ गए थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने मनोनीत एमएलसी का किया भव्य स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।पूर्व मंत्री जदयू रास्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा को जदयू कोटा से एमएलसी मनोनीत होने पर उनको बुधवार को प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर का प्रसाद खिलाकर मुँह मीठा कराया और अंग वस्त्र से स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर युवा नेता राहुल सिंह निर्मल कुशवाहा विशाल सिंह अरुण प्रताप सिंह नागेंद्र केशरी संजय सिंह अशोक सिंह नंदी चौधरी मुकेश सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर राकेश सिंह ने कहा कि यह शुरू से ही पार्टी के संस्थापक सदस्य मे से एक रहे है और पार्टी के कार्य मे बराबर लगे रहते है।

# नशा दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता



परसा ।अंतर्राष्ट्रीय नशा दिवस पर जन जागरूकता रैली अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तिचक के निदेशक मृत्युंजय तिवारी के नेतृत्व में निकाली गई।

नव निर्मित अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल रामेश्वरपुरम से निकाली गई जन जागरूकता रैली मस्तिचक,पोझि,खजौली,परसा बाजार,दरोगा राय चौक,हॉस्पिटल रोड, सैदपुर महम्मदपुर होते हुए अस्पताल पहुँची ।जन जागरूकता रैली में शामिल कर्मी द्वारा तख्ती पर लिखी अश्लोगन,नशा छोड़ो बोतल तोड़ो,नशा मुक्त भारत अभियान,हर दिल की अब यही है चाहत नशा मुक्त हो मेरा भारत, जन-जन की हो यही पुकार नशा त्यागो अबकी बार,नशे की आदत छोड़,खुशी जीवन से नशा जोड़ो, जन-जन का यही संदेश नशा मुक्त हो अपना देश,गज भांग शराब तंबाकू तन मन धन के यह सब डाकू,नशा नाच की जर है भाई इसके फल आती ही दुखदायी, गुटखा खाना पान चबाकर बढ़ाना चाहते हो ओमान कैंसर होगा, बिगारी बढ़ेगी चली जाएगी जान, जब जाएगी ये आत्मा तभी होगा नशे का खात्मा,नशा नस का दूजा नाम तन मन धन तीनों बेकल जैसी अश्लोगन के माध्यम जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया ।जन जागरूकता रैली में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के स्वास्थ्य कर्मी के साथ परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार,कर्मी अमित सिंह,समाजसेवी चंदन सिंह,शैलेश गिरी,भूलन सिंह,विकास कुमार,मनीष कुमार सिंह अमोद शर्मा,छबि तिवारी,छाया तिवारी,खुशी कुमारी,नेहा पांडेय,सुनीता कुमारी,मनीषा कुमारी आदि सैकड़ो स्वास्थ्य कर्मी,छात्रा ने सराहनीय योगदान किया।

## हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। मधुबनी जिले के लखनौर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधर पर एक बगीचा से दो अपराधकर्मी को गिरफ़्तार किया है पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी बड़ी घटना को अंजाम देने के कुछ अपराधी एकत्रित होकर योजना बना रहा है पुलिस को सूचना मिलते ही छापेमारी करने लखनौर थाना क्षेत्र के शिवैसिंहपुर भंडारी पोखर मंदिर के पास बगीचा में पहुंची तो पुलिस वाहन को देख अपराधी भागने लगे जिसे पुलिसकर्मियों के द्वारा खदेर कर पकड़ा गया तलाशी लेने के दौरान अपराधी के पास से एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस 9 एम एम का दो बाइक एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

## सिलीगुड़ी से घर आ रहे व्यक्ति की बस में हुई मौत

तरैया। सिलीगुड़ी से विवेक बस से अपने घर आ रहे व्यक्ति की मौत बस में हो गयी ।सिलीगुड़ी से विवेक बस जैसे ही तरैया शिव मंदिर के पास बस काउंटर पर पहुंचते ही सवारी बस से उतरने लगे ।जबकि तरैया उतरने वाले एक व्यक्ति सिलिपर सीट पर था जो नहीं उतरा तो बस स्टॉप पर उसे जगाया गया तो कुछ नहीं बोल रहा था ।बस के अन्य सवारी व लोग देखने लगे तो उस व्यक्ति कि मौत हो गई थी ।मृतक तरैया थाना क्षेत्र के भलुआ भिखारी गांव निवासी 55 वर्षीय सर्वजीत सिंह के रूप में हुई ।बस टिकट पर मोबाइल नम्बर पर फोन कर बस चालक ने मृतक के परिजनों को सूचना दिया ।मृतक के पुत्र प्रिंस कुमार सहित अन्य ग्रामीण तरैया पहुंच कर शव को घर ले गए।

## दिव्यांगों और विधवाओं को दी जाए पॉच हजार रूपए मासिक पेंशन : हृदय यादव

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।बिहार एसोसिएशन पर्सन विद डिसेबिलिटी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हृदय यादव ने बिहार राज्य बिहार सरकार से मांग करते हुए कहा कि दिव्यांग एवं गरीबों बुजुर्गो विधवाओं को आंध्र प्रदेश सरकार की तर्ज पर पॉच हजार रु० मासिक पेंशन हर माह की पहली तारीख को उनके खाते में जमा कराई जाए साथ ही सरकारी नौकरियों में दिव्यांगों को पर्याप्त आरक्षण देते हुए उनकी सुरक्षा व संरक्षण का इंतजाम किया जाए प्रेस को जानकारी बयान में यादव ने कहा कि वर्तमान में दिव्यांगों विधवाओं गरीबों बुजुर्गो एवं दवे कुचले समाज के साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रही है सरकार की नीतियां भेदभाव पूर्ण है ऊपर से अधिकारी व कर्मचारी अपनी भ्रष्ट मानसिकता के चलते इनका शोषण कर रहे हैं एक तरफ इस वर्ग के लिए सरकारी योजनाएं पर्याप्त नही है और ऊपर से मौजूदा योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रही है अधिकारियों की मानसिकता दिव्यांग व बुजुर्ग एवं विधवा व गरीब विरोधी हो गई है।

अधिकारी दिव्यांग व गरीबों से मिलना पसंद नहीं करते श यादव ने कहा की सरकार को इस सच्चाई से वाकिफ होकर भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को जबरन सेवा मुक्त कर देना चाहिए ताकि व्यवस्था में सुधार आ सके और सरकार की छवि पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े यादव ने कहा कि दिव्यांगों व गरीबों बुजुर्गो विधवाओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है ना तो उन्हें सरकारी नौकरी मिल पा रही है और ना ही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रही है। यादव ने कहा कि दिव्यांगों गरीबों बुजुर्गो विधवाओ एवं दबे कुचले समाज कि समस्याओं व शिकायतों के समाधान के लिए जनपद मुख्यालय पर विशेष शिविर लगाए जाने चाहिए। जिससे उनका मौके पर ही समाधान हो सके यादव ने कहा कि दिव्यांगों व गरीबों बुजुर्गो को महंगाई की इस दौर में कम से कम पाँच हजार रुपए मासिक पेंशन जल्द से जल्द दी जानी चाहिए साथ ही बिना भेदभाव के निशुल्क इलाज की सुविधा भी उनके पूरे परिवार को मिलनी चाहिए तहसील मुख्यालय कस्बो एव ग्रामीण क्षेत्र के बद से बदतर स्वास्थ्य सुविधा कि हालात पर चिंता जताते हुए श्री यादव ने कहा कि सरकार अपनी योजनाओं पर अमल नहीं कर पाती है सरकार की घोषणाएं हवाई होती है दिव्यांग बुजुर्ग विधवा एवं दवे कुचले समाज मौजूदा व्यवस्था से बुरी तरह परेशान है।

## फेक फेसबुक आईडी बनाकर एक लाख 65 हजार 500 की ठगी

समस्तीपुर। एक रिटायर्ड जज के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर अपने किसी मित्र का सेकंड हैंड फर्नीचर व फ्रिज आदि बेचने के नाम पर एक लाख 65 हजार 500 रुपए साइबर फ्रॉड किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की पहचान रघुवंश कुमार सिंह के पुत्र पियूष प्रसन्न के रूप में हुई है और वह वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर बस स्टैंड के पास के रहने वाले हैं। इस फ्रॉड की घटना को लेकर उन्होंने साइबर थाने में लिखित आवेदन देकर ठगी किए जाने व आईटी एक्ट के तहत एक ज्ञात मोबाइल नंबर धारक व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में उन्होंने कहा है कि फेसबुक पर एक रिटायर्ड जज के नाम से फेक आईडी बनाकर कर उनके किसी मित्र का घर का सेकंड हैं।

## बस स्टैंड निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों व जनप्रतिनिधियों में हर्ष, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का मुहिम लाया रंग

प्रात : किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा)। चौसा प्रखंड के फुलौत डाकबंगला चौक एनएच 106 पर बस स्टैंड बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मुहिम छेड़ कर विरोध किया था जिसका असर हुआ और बस स्टैंड को लेकर जमीन की अलाउट किया गया बस स्टैंड निर्माण से जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है ।मालूम हों की बिहपुर से वीरपुर एनएच 106 निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों ने बस स्टैंड को डाकबंगला चौक से स्थल परिवर्तन कर बड़ीखाल के पास बस स्टैंड निर्माण का आदेश दिया था ।बड़ीखाल के पास बस स्टैंड निर्माण किए जाने की जानकारी मिलते ही जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष जिलाधिकारी सहित कई अधिकारियों को आवेदन देकर फुलौत में ही बस स्टैंड बनाने की मांग की थी ।एनएच से जुड़े अधिकारी ने मंगलवार को फुलौत के डाकबंगला चौक पर ही बस स्टैंड निर्माण कार्य को लेकर अलाउट किया इस मौके पर जीप सदस्य अनिकेत कुमार मेहता,मुखिया बबलू ऋषिदेव, आरटीआई एक्टिविस्ट अरुण कुमार सिंह,सुभाष यादव,मजहर इमाम बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## रोड के दोनों साइड पुआल रहने से दुर्घटना की आशंका, दिन में भयभीत होकर चलते हैं राहगीर

प्रात : किरण संवाददाता,

चौसा (मधेपुरा) । चौसा प्रखंड के फुलौत डाकबंगला चौक से लेकर धनेशपुर चौक और फरदापारी पुल से चिरौरी मोड़ होते हुए चौसा तक रोड के दोनो किनारे ग्रामीणों ने पुआल का ढेर लगा कर अतिक्रमण कर अपने निजी कार्य के लिए उसे इस्तेमाल किया जा रहा है ।आये दिन रोड पर मक्का सुखाने व मवेशियों को बांधने जैसे कई कार्य धड़ल्ले से चलता आ रहा है ।इसमें आवागमन करने वाले दो पहिया चार पहिया वाहन चलाने वाले लोगो के ऊपर खतरा बना रहता है। ग्रामीण अनिल ठाकुर, दिनेश पासवान, वरुण मण्डल, सुभाष कुमार, कैसर अली आदि ने बताया कि रोड के दोनों किनारे मक्के का पुआल का ढेर लगा दिया है।

सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देता है जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। दो पहिया वाहन चालक कई बार चोटिल हो गया है। ग्रामीण अजय कुमार, शशि भगत, रूदल मण्डल, तौफीक उमर आदि ने बताया कि मुरौत, गंगापुर, खापुर, रतवारा, सोनामुखी कपसिया, आलमनगर, खुरहान आदि के यात्री इस रोड़ से भागलपुर नवगछिया, पूर्णिया, कटिहार, चार पहिया दो पहिया वाहन से आवाजाही करते हैं। जिसमे की हर समय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी शशिकांत कुमार यादव ने बताया कि दो दिन चेतावनी दी गई है समय रहते हटा लें नहीं तो जेसीबी से हटाया जाएगा जिसकी भरपाई पुआल लगाने वाले से वसूल की जाएगी।

## साइलो के प्रयोग से पर्यावरण अनुकूल कोयला परिवहन को बढ़ावा



हाजीपुर। पर्यावरण के अनुकूल कोयला परिवहन की दिशा में अहम कदम उठाते हुए धनबाद मंडल में कोयला की लोडिंग के लिए कोल साइडिंगों पर साइलो संयंत्र लगाए गए हैं ।इससे प्रदूषण मुक्त कोयला परिवहन को बढ़ावा देने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है । वर्तमान में धनबाद मंडल के अंतर्गत दुधीचुआ, जयंत, बीना, गोरबी, राजधार, नॉर्थ उरीमारी तथा केआरएसएल कोल साइडिंग पर साइलो संयंत्र से कोयले की लोडिंग की जा रही है ।इन साइलो से प्रतिदिन औसतन 24 रेक कोयले की लोडिंग की जा रही है । निकट भविष्य में इसमें वृद्धि करते हुए केडीएच, बानाडाग और निगाही कोल साइडिंग पर भी साइलो संयंत्र लगाए जाएंगे । विदित हो कि मालगाड़ी के डिब्बो में जब साइलो संयंत्र से कोयले को भरा जाता है तब धूल और प्रदूषण में काफी कमी आती है ।नयी व्यवस्था के बाद कन्वेयर बेल्ट से पहले कोयले को ऊपर पहुंचाया जाता है फिर इसे वैगन में लोड किया जाता है जिससे मालगाड़ी के बगल में खड़े व्यक्ति को भी धूल और प्रदूषण की शिकायत नहीं होती है । साइलो द्वारा कोयला लोड करते वक्त कर्मचारियों की सेफ्टी का भी काफी ध्यान रखा जाता है ।कोयला लदान के लिए इसे बेहद सुरक्षित माना गया है ।अब साइलो से लोडिंग होने से कोल डिस्पैच की क्षमता भी बढ़ेगी । इससे ओवरलोडिंग नहीं होती है साथ ही समय की भी बचत होती है ।

## अलीगंज प्रखंड मुख्यालय में विधायक ने प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं को लेकर बुधवार को क्षेत्रीय विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी ने संवाद कक्ष में प्रखंड के सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक । इस दौरान विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार तथा अंचलाधिकारी दिवाकर रंजन एवं पीओ असलम हुसैन,सहित 20 विभागीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। वहीं इस बैठक में बालविकास, स्वास्थ्य,पशुपालन, मनरेगा, बिजली, कृषि,आपूर्ति, पीएचडी, शिक्षा,सहकारिता, सांख्यिकी, बैंकिंग,इंदिरा आवास, स्वच्छता, सहित 20 विभाग के पदाधिकारी से विधायक ने चर्चा की। प्रखंड व अंचल से संचालित सभी योजनाओं और कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कार्यो में गति लाने तथा ससमय पूर्ण करने की बात कही। वहीं लोगों को सभी योजनाओं की जानकारी अवश्य दें। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल सके। विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी ग्रामीण निराश होकर प्रखंड कार्यालय से नहीं लौटे इस बात को सुनिश्चित करें। माननीय विधायक श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी ने समीक्षात्मक बैठक में इसमें विभिन्न विभागों के 20 अधिकारी अपने-अपने प्रगति प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुए। सबसे ज्यादा पीएचडी और बिजली की समस्या पर माननीय विधायक श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी ने फटकार लगाई। एक सप्ताह पहले बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को साथ लेकर विधायक जी अलीगंज आये थे। इसमें 7 ट्रांसफार्मर लगाये गये ।किसान फीडर में विधायक जी ने अधिक बिजली देने को कहा। सीडीपीओ की मनमानी पर लोगों के द्वारा सख्त आपत्ति दर्ज की गई। वहीं विधायक जी ने शिक्षा विभाग के बीईओ को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली पर सुधार करने को कहा,प्रखंड में जो भी समस्या उत्पन हो रही है चाहे जिस विभाग में हो उसे अपने स्तर से जल्द से जल्द निपटारा करे।

## संक्षिप्त समाचार

## पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुडसवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया। ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है। अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया।

## सूर्यकुमार को लगा झटका, ट्रेविस हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज



**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। ऑस्ट्रेलिया हालांकि टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं।

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल

# आज मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से बदला चुकता करना चाहेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुयाना में चल रहे आईसीसी टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी, जो टूर्नामेंट के 2022 संस्करण के सेमीफाइनल का रीमैच होगा। आखिरी बार इन दोनों देशों के बीच पुरुष टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में मुकाबला एडिलेड में 19 महीने पहले हुआ था, जब जोस बटलर और एलेक्स हेल्स के बीच शानदार ओपनिंग साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद भारत को अपनी टी20 रणनीति पर पूरी तरह से पुनर्विचार करने और अधिक स्थापित सुपरस्टार्स से हटकर युवा खिलाड़ियों और रूढ़िवादिता से आक्रामकता की ओर कदम बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ा।



इस बार भारत के पास अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की अगुआई में ज्यादा बल्लेबाजी है, बीच के ओवरों में ज्यादा आक्रामक विकल्प हैं और उनके आक्रमण में ज्यादा विविधता है, लेकिन गत चैंपियन को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, खासकर कप्तान जोस बटलर और उनके नए सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट के शानदार फॉर्म में होने के कारण।

इंग्लैंड इतिहास रचने और टी20 विश्व कप ट्रॉफी को बरकरार रखने वाली पहली पुरुष टीम बनने से सिर्फ दो जीत दूर है। दूसरी ओर, भारत ने 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से इस टूर्नामेंट को नहीं जीता है और 2011 के 50 ओवर के टूर्नामेंट के बाद से किसी भी प्रारूप में अपनी पहली विश्व कप जीत की तलाश में है। भारत ने आखिरी आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीती थी, जब उन्होंने इंग्लैंड में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

गुयाना नेशनल स्टेडियम जॉर्जटाउन के बाहरी इलाके में 20,000 सीटों वाला स्थल है, जो डेमेरारा नदी के किनारे और तट से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। टूर्नामेंट के दौरान इस स्थल पर होने वाला यह छठा और अंतिम मैच है। पिछले पांच मैच पहले दौर के चरण के दौरान ग्रुप सी में हुए थे। स्पिनर मैदान पर काफी प्रभावी रहे हैं, लेकिन तेज गेंदबाजों के लिए भी कुछ हद तक अच्छा रहा है, पांचों खेलों में सबसे अधिक स्कोर अफगानिस्तान का युगांडा के खिलाफ 183/5 रहा है।

भारत ने हर उस खेल में जीत हासिल की है जिसमें वे प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम रहे हैं, केवल फ्लोरिडा में बारिश से भीगे लॉडरहिल में कनाडा के खिलाफ रद्द किए गए मुकाबले में ही उन्होंने अंक गंवाए हैं। बांग्लादेश, अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया पर प्रभावशाली जीत ने सुपर आठ में ग्रुप वन के विजेता के रूप में नॉकआउट चरणों में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

इसके विपरीत इंग्लैंड को यहां तक पहुँचने में काफी कठिनाई हुई है। स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश से बाधित मैच के बाद अपने अभियान की शुरुआत में ही चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें सुपर आठ में पहुंचने के लिए अन्य जगहों से बड़ी जीत और समर्थन की आवश्यकता थी। लेकिन वे ऐसा करने में सफल रहे, नेट रन रेट पर स्कॉटलैंड से आगे निकल गए, दिलचस्प बात यह है कि उनके प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया की बदौलत।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत-** विराट कोहली, रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह

**इंग्लैंड -** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेटकीपर), जे बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, मोएन अली, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, क्रिस जॉर्डन, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड

## भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।

कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, 'पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं। यह खिलाड़ियों का संगठन है और मैं उन सभी का बहुत अच्छा दोस्त हूं और मैं अक्सर उनके साथ खेलता हूं। कपिल ने कहा कि तीन दशक से अधिक समय से गोल्फ उनका जुनून रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा था जब इसमें केवल एमेच्योर खिलाड़ियों को हिस्सा लेने की स्वीकृति थी।

उन्होंने कहा, 'और अब यह खेल ही है जिसमें मैं अपना अधिकांश समय बिताता हूं। मैं उपाध्यक्ष रह चुका हूं और मैं बोर्ड में हूं, इसलिए खिलाड़ियों द्वारा अध्यक्ष चुने जाने पर मुझे बहुत गर्व है। मैं हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करता हूं। कपिल पीजीटीआई के लिए नए प्रायोजक लाने की कोशिश में सबसे आगे रहे हैं। वह टूर में सबसे आकर्षक प्रतियोगिता में से एक कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण को डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में आयोजित कराने में सफल रहे हैं जिसकी इनामी राशि दो करोड़ रुपए है।

जीव मिल्खा सिंह, अर्जुन अटवाल, ज्योति रंधावा, शिव कपूर जैसे भारत के शीर्ष स्टार खिलाड़ी उनके करीबी गोल्फ मित्र हैं। कपिल ने 1978 से 1994 तक भारत के लिए क्रिकेट खेला। सर्वकालिक महान ऑलराउंडरों में से एक कपिल ने 131 टेस्ट और 225 एकदिवसीय मैच खेले। उनकी अगुआई में भारत ने 1983 विश्व कप जीता। 1983 विश्व कप में उनकी नाबाद 175 रन की पारी खेल के इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक मानी जाती है।

## पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद वसीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान महिला टीम के कोच नियुक्त

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मुहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लंबे समय के बाद महिला टीम के प्रबंधन में बदलाव किया गया है।



पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। महाद्वीपीय प्रतियोगिता से पहले पीसीबी ने बुधवार को कराची में चार दिवसीय अनुकूलन शिविर शुरू किया और चयन समिति अगले सप्ताह अंतिम टीम की घोषणा करेगी।

**शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी** - आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

## पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम-उल-हक ने भारत पर लगाया गेंद से छेड़छाड़ का आरोप

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम-उल-हक ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप 'सुपर 8' मैच के दौरान भारतीय टीम पर गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 24 रन की शानदार जीत के बाद इंजमाम ने यह दावा किया है। 1992 के वनडे विश्व कप विजेता के आरोप बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह द्वारा की गई असामान्य रिवर्स स्विंग पर केंद्रित हैं जिन्हें 16वें ओवर में दूसरे स्पेल के लिए वापस लाया गया था। रिवर्स स्विंग आमतौर पर पुरानी गेंद से होती है, और इंजमाम ने सवाल उठाया कि भारतीय गेंदबाज टी20 मैच में एक पारी के दौरान अपेक्षाकृत नई गेंद से ये कैसे कर लेते हैं।




इंजमाम ने एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बात करते हुए कहा, जब अर्शदीप सिंह 15वां ओवर (16वां) फेंक रहे थे, तो उन्हें रिवर्स स्विंग मिल रही थी। (अपेक्षाकृत) नई गेंद के साथ होता है, क्या रिवर्स स्विंग मिलना बहुत जल्दी है? क्या गेंद 12वें या 13वें ओवर तक रिवर्स स्विंग के लिए तैयार थी? क्योंकि जब वह गेंदबाजी करने आए, तो गेंद रिवर्स होने लगी। अंपायरों को आंखें खुली रखनी चाहिए।

टी-20 वर्ल्ड कप में आज

## पहली बार फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने के लिए तैयार साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 टी20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा। मुकाबला परिणाम का परिणाम भले ही कुछ भी हो लेकिन यह मैच ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं। दूसरी अफगानिस्तान ने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे पहले कभी जीत नहीं मिली थी।



**बिना बदलाव के उतर सकती है अफगानिस्तान** - अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं। कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताए दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं। यह अपने आप में एक कहानी बयां करता है कि कैसे अफगानिस्तान के दो खिलाड़ी कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़कर आंकड़ों की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। अफगानिस्तान सेमीफाइनल मुकाबले में उन्हीं 11 खिलाड़ियों के साथ उतर सकती है जिन्हें उसने ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ मौका दिया था।

## मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता, इंग्लैंड को कुछ असाधारण करने की जरूरत : कॉलिंगवुड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है। भारत और इंग्लैंड एडीलेड में 2022 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच की पुनरावृत्ति में गुरुवार को भिड़ने के लिए तैयार हैं। तब जोस बटलर की टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी।



कोलिंगवुड ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी।% जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। कोलिंगवुड का मानना ??है कि इस तेज गेंदबाज के चार ओवर खेल का रुख तय करेंगे।

उन्होंने कहा, 'अपनी बेहतरीन टीम के साथ भारत जसप्रीत बुमराह के मौजूदा फॉर्म के बीच सबसे आगे खड़ा है। वह फिट, सटीक, तेज और बेहद कुशल है। ऐसा लगता है कि किसी भी टीम के पास उनका जवाब नहीं है। कोलिंगवुड ने कहा, '120 गेंदों के मुकाबले में बुमराह जैसे गेंदबाज की 24 गेंद बहुत बड़ा अंतर पैदा करती हैं। भारत अमेरिका में कठिन परिस्थितियों और मुश्किल पिचों पर भी आत्मविश्वास से भरा हुआ दिखाई दिया।

उन्होंने कहा, 'रोहित शर्मा जैसे उनके बल्लेबाज फिर से फॉर्म में आ गए हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार पारी खेली। गयाना की पिच ने पहले भी गेंदबाजों को फायदा पहुंचाया है क्योंकि यह मुकाबला आगे बढ़ने के साथ-साथ धीमी होती जाती है। इस मैदान पर स्पिनरों का दबदबा रहा है और तेज गेंदबाजों को शुरुआत में कुछ मदद मिलती है लेकिन मौजूदा विश्व कप में टीमें 170 से 180 रन के स्कोर तक पहुंच गई हैं।

कोलिंगवुड ने कहा, 'यह मैच शानदार होगा जिसमें दोनों पक्ष बेहद आक्रामक रुख अपनाएंगे।

## अफगानिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद तालिबान ने भारत का किया धन्यवाद

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने मंगलवार 25 जून 2024 को इतिहास रच दिया, जब उन्होंने अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार किसी आईसीसी इवेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने बांग्लादेश को हराकर टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश करके यह उपलब्धि हासिल की। तालिबान ने भारत को कई वर्षों से प्रदान की गई क्षमता निर्माण के लिए धन्यवाद दिया है। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 और आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड जैसी टीमों को हराकर दोनों प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया।

रिपोर्ट के अनुसार तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख सुहैल शाहीन ने कहा, हम अफगान क्रिकेट टीम की क्षमता निर्माण में भारत की निरंतर मदद के लिए आभारी हैं। हम वास्तव में इसकी सराहना करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत ने भारतीय स्टेडियमों में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करके, भारतीय कंपनियों द्वारा प्रायोजन करके, अन्य चीजों के अलावा अफगान क्रिकेट को क्षमता निर्माण प्रदान किया है। कंधार क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में भारत का समर्थन 1 मिलियन डॉलर के अनुदान के साथ महत्वपूर्ण था। 2018 में अफगानिस्तान के साथ टेस्ट मैच खेलने वाली भारत पहली टीम थी।



राशिद खान, मोहम्मद नबी, मुजीब-उर-रहमान, रहमानुल्लाह गुरबाज सहित अफगान खिलाड़ी आईपीएल में नियमित रूप से खेलते रहे हैं। न केवल भौतिक अवसंरचना, बल्कि बीसीसीआई ने अफगान टीम के लिए ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अस्थायी 'होम-ग्राउंड' के रूप में प्रदान किया। देहरादून में एक और होम ग्राउंड प्रदान किया गया। अफगानिस्तान को बीसीसीआई द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ अपनी आगामी श्रृंखला के लिए ग्रेटर नोएडा स्टेडियम में खेलने की अनुमति दी गई है। यह दर्शाता है कि तालिबान अधिकारियों का आभार व्यर्थ नहीं गया है।

गौर हो कि अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के बेहद महत्वपूर्ण आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया।

# केंद्र ने सबसे ज्यादा भेदभाव केजरीवाल जी के साथ किया

## आतिशी से मिलने के बाद बोले अखिलेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव बुधवार सुबह दिल्ली सरकार की मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी से मिलने एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। जो कि हाल ही में दिल्ली जल संकट और हरियाणा से पानी की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी थीं। इसी दौरान आतिशी की तबीयत बिगड़ने के बाद 24 जून की देर रात उन्हें यहां लाया गया था। इसी वजह से अखिलेश उनकी सेहत का हाल पूछने अस्पताल पहुंचे। इस मौके पर आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी मौजूद थे, जिन्होंने अखिलेश यादव का स्वागत किया। आतिशी से मिलने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है मुख्यमंत्रियों की तकलीफ बढ़ी है, परेशानियां बढ़ी है। दिल्ली (केंद्र सरकार) सरकार से जो सहयोग और मदद मिलनी चाहिए उसे भी सरकार ने पूरा नहीं किया। केंद्र सरकार ने सबसे ज्यादा भेदभाव अगर किसी के साथ किया है तो वो दिल्ली सरकार के साथ और खासकर अरविंद केजरीवाल जी के साथ किया है। केंद्र सरकार लगातार उनको तकलीफ परेशानी पहुंचा रही है। जब उन्हें हर जगह से राहत मिलने का काम शुरू हो गया, जब वो बाहर आ जाते तो वे निकल ना पाएं सरकार ना चला पाएं इसलिए फिर उन पर ना जाने कौन सा मुकदमा लगाकर उनको फंसा दिया गया। सीबीआई के लोग लगातार लोगों को फंसाते हैं और उनको फंसाते हैं जिनसे इनको(भाजपा) खतरा है।

इस मुलाकात के बारे में जानकारी देते हुए आप ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए अपनी जान की बाज़ी लगा देने वाली जल मंत्री आतिशी जी के स्वास्थ्य का एलएनजेपी अस्पताल पहुंचकर हालचाल जाना। इस दौरान आप सांसद संजय सिंह जी व विधायक दिलीप पांडे जी भी मौजूद रहे।

बता दें कि अनिश्चितकाली भूख हड़ताल पर बैंठी आतिशी की तबीयत सोमवार रात को बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह पिछले पांच दिनों से कुछ भी नहीं खा रही थीं और हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी जारी करने की मांग पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थीं। इसी दौरान उनका ब्लड शुगर लेवल आधी रात को 43 और सुबह 3 बजे 36 तक गिर गया, जिसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें भर्ती करने की सलाह दी। इसी के साथ उन्होंने डॉक्टरों की सलाह पर मंगलवार सुबह अपना अनशन भी खत्म कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एनीमिया मुक्त भारत के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा : डॉ एके द्विवेदी

**भोपाल।** भारत सरकार ने 2047 में एनीमिया मुक्त भारत की परिकल्पना में सभी चिकित्सकों एवं समाज सेवी संस्थानों तथा जनता को मिलकर सहयोग करना होगा। सिकल सेल की बीमारी अतयंत गंभीर, असाध्य एवं पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली बीमारी है इसके लिए जागरूकता के साथ - साथ शादी पूर्व रक्त जाँच जब तक अनिवार्य नहीं होगा तब तक बीमारी को अगली पीढ़ी में जाने से रोका जाना असंभव होगा यह बात केंद्रीय होम्योपैथी अनुसन्धान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के वौज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ एके द्विवेदी ने कही, आपने यह भी कहा कि सिकल सेल का इलाज किसी भी चिकित्सा पद्धवती द्वारा अभी तक संभव नहीं हो सका है लेकिन होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित मरीजों के दुःख दर्द एवं असहनीय पीड़ा को कम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ एके द्विवेदी के पास पूरे देश से अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज आते हैं जिनका हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स काफ़ी कम रहने के कारण उन्हें पूर्व में बार बार, जल्दी जल्दी रक्त चढ़ाना पड़ता था और जिन्हे इलाज स्वरुप केवल बोन मेरो ट्रांसप्लांट बताया गया था ऐसे कई मरीज डॉ द्विवेदी की एडवांस्ड होम्योपैथी चिकित्सा 50 मिलिसिमल पोटेंसी की दवा से के सेवन से अब पूरी तरह ठीक हो गए हैं और अपना जीवन बिना किसी परेशानी के ब्यतीत कर रहें हैं

### सोमैया विद्याविहार मुंबई द्वारा रेहटी में सोमैया विद्या मंदिर का उद्घाटन

**रेहटी।** हाल ही में सोमैया विद्याविहार (मुंबई) ने मध्य प्रदेश के रेहटी में सोमैया विद्या मंदिर स्कूल का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य बुदनी, रेहटी, नसरुल्लागंज और ओबेदुल्लागंज के इलाकों में रहने वाले बच्चों को मूल्य-आधारित सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करना है। इस शानदार पहल की शुरुआत करते हुए स्कूल में पहले ही 50 छात्रों ने प्रवेश ले लिया है, जिनमें रातापानी वन्यजीव अभयारण्य के बाहरी इलाके के सुदूर आदिवासी गाँवों के 20 बच्चे भी शामिल हैं। सोमैया संस्थान ने वर्ष 1942 में ग्रामीण महाराष्ट्र के कोपरगाँव में अपने पहले स्कूल की स्थापना की थी और यह सोमैया विद्याविहार का नौवाँ स्कूल है, जो ग्रामीण महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा गुजरात के स्कूलों में सम्मिलित हो गया है। रेहटी, मध्य प्रदेश में विंध्याचल की पहाड़ियों की तलहटी में बसा एक जिंदादिल शहर है और यह नया स्कूल इसी शहर में स्थित है। इस अवसर पर सोमैया विद्याविहार अध्यक्ष एवं सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री समीर सोमैया ने कहा, 'समाज हित में योगदान देना हमारे परिवार की परंपरा है और शिक्षा हमारी इस परंपरा का आधार रही है, और मुझे विश्वास है कि शिक्षा में लोगों का जीवन बदलने की शक्ति होती है।

### इमरजेंसी के बाद इंदिरा गांधी को लगने लगा था पिटाई का डर, देश छोड़ने की बनाई थी योजना: अन्नामलाई

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश (तमिलनाडु) अध्यक्ष के अन्नामलाई ने मंगलवार को दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1977 में इमरजेंसी समाप्त होने के बाद देश से बाहर जाने का फैसला किया था। अन्नामलाई ने कहा कि आपातकाल के दौरान हर तरफ दमन था। 1975 से 1977 तक 21 महीनों में 1.14 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया था। आपको बता दें कि आपातकाल की घोषणा 25 जून 1975 को की गई थी। इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश भाजपा ने पूरे तमिलनाडु में कई कार्यक्रम आयोजित किए। चेन्नई स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अन्नामलाई ने कहा, आपातकाल समाप्त होने के बाद इंदिरा गांधी ने सोचा कि देश की जनता पूरे गांधी परिवार को पीटेगी। इसलिए उन्होंने अपने बेटे और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से देश से बाहर जाने के लिए मुंबई में उनके लिए एक विशेष विमान तैयार करने को कहा था। लेकिन, 1978 में सत्ता में आने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उन्हें आश्वासन दिया कि देश की जनता उन्हें माफ कर देगी और उनकी जान को कोई खतरा नहीं होगा।

## नोएडा सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन तक दौड़ेगी मेट्रो, यूपी कैबिनेट से मिली मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-142 से 38ए बॉटेनिकल गार्डन तक मेट्रो रूट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को यूपी कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। अब इसे केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अगले साल से इस रूट पर काम शुरू होने की उम्मीद है। पिछले साल दिसंबर में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने इस रूट की डीपीआर को बोर्ड से मंजूरी दी थी। इसके बाद यूपी सरकार को भेजा गया था। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो का नया रूट 11.56 किलोमीटर का होगा। इस पर आठ मेट्रो स्टेशन एलिवेटेड बनेंगे। परियोजना की कुल लागत 2254.35 करोड़ रुपये आएगी। इसमें जमीन और सभी कर शामिल हैं। परियोजना में राज्य सरकार द्वारा कोई धनराशि नहीं दी जाएगी। इसका खर्च नोएडा उठाएगा। यूपी सरकार परियोजना को बढ़ाने और कनेक्टिविटी में सहयोग करेगी। योजना के मुताबिक बॉटेनिकल गार्डन और सेक्टर-44 के मेट्रो स्टेशन को छोड़ दें तो बाकी सभी छह स्टेशन एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर रोड पर बनाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे और सर्विस रोड को जोड़ते हुए इसके दूसरे हिस्से को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। डीपीआर के तहत इस रूट पर मेट्रो चलने के पहले चरण में करीब 80 हजार राइडरशिप रहने की उम्मीद है। इससे सेक्टर-44, 45, 97, 99, 100, 104, 105, 108 और 93 में रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

## राजस्थान में कांग्रेस का खेल बिगाड़ेंगी मायावती, उप चुनाव लड़ने का ऐलान



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की पांच विधानसभा उप चुनाव में बसपा अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी। बसपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि पार्टी नगर निकाय चुनाव भी लड़ेगी। जिससे ग्रासरूट पर कार्यकर्ता तैयाह हो सके। भगवान सिंह बाबा ने कहा कि मायावती की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। राजस्थान में 5 सीटों पर विधायक अब सांसद बन चुके हैं, जिसके बाद 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान होनेवाला है। उपचुनाव के लिए अलग-अलग पार्टियां तैयारियों में जुट चुकी है। इस बीच कांग्रेस ने भी अपनी कमर कस ली है। बता दें 5 विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर कांग्रेस के विधायक सांसद पहुंचे हैं। जबकि एक सीट पर आरएलपी और एक सीट पर बीएपी के विधायक सांसद बने हैं। ऐसे में कांग्रेस अपनी जीती हुई सीट को हाथ से निकलने नहीं देगी। विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने फिर से मोर्चा संभाल लिया है।

गोविंद सिंह डोटासरा ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ान के लिए पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है. समिति द्वारा ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ कांग्रेस कमेटियों की बैठक ली जाकर क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जायेगा और जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव के लिए कार्य योजना बनाकर चुनाव में जीत सुनिश्चित के लिए रूपरेखा तैयार करेंगे।

## पेपर आउट करा आपस में बांट लेते सभी गैंग

### कई राज्यों में फैला है नीट-यूजी नकल माफिया का गठजोड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी पेपर लीक किसी एक गैंग का कारनामा नहीं है, बल्कि इसमें कई गैंग का गठजोड़ शामिल है। ये गैंग कई राज्यों में सक्रिय हैं और उनके सदस्य आपस में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इनकी तलाश इन राज्यों में प्रारंभ की जा चुकी है और नीट पेपर लीक मामले में उनकी भूमिका की जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले में नोएडा एसटीएफ ने भी अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है और वह रवि अत्री गैंग के सदस्यों की तलाश कर रही है।

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही नए खुलासे हो रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, जांच में पता चला है की पेपर लीक मामले से जुड़े बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश के गैंग का आपस में गठजोड़ है। यह गठजोड़ किसी एक परीक्षा में नहीं बल्कि अन्य परीक्षाओं में भी काम करता है। किसी भी एक गैंग के द्वारा पेपर लीक किए जाने के बाद उसे अन्य गैंग में भी बांटा जाता है। जांच एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस गठजोड़ में मध्यप्रदेश के इंदौर में रहने वाले राजीव नारायण मिश्रा, पटना का शुभम मंडल, नालंदा का संजीव मुखिया और उसका बेटा डॉ. शिवम, शामली का मोनू गुर्जर, मथुरा का मोनू पंडित, जौनपुर का अजित चौहान, हरियाणा का संजीव दाहिया, मोनू ढाकला और नोएडा का रवि अत्री प्रमुख हैं। रवि अत्री पूरे दिल्ली एनसीआर में पेपर लीक का सरगना है। पुलिस भर्ती परीक्षा के लीक कांड का भी वह मुख्यारोपी है। नोएडा एसटीएफ की टीम भी रवि अत्री के साथियों और नीट पेपर लीक मामले में उनकी भूमिका की जांच में जुट गई है।

## हम भारत के साथ..., नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही बदले पाकिस्तान के सुर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बन गए हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें दुनियाभर के नेताओं ने बधाई संदेश दिया। साथ ही, कई देश भारत के साथ अच्छे संबंधों पर भी जोर दे रहे हैं। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से भी दोनों देशों के संबंधों को लेकर अहम बयान आया है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को मोदी सरकार से दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य पर गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने भारत के साथ संबंधों के बारे में अपने पिछले बयानों को दोहराया और कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत के साथ अच्छे संबंध रखने का इच्छुक रहा है।

भारत के साथ हमारे संबंध ऐतिहासिक रूप से खराब रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान सतत शत्रुता में विश्वास नहीं करता। हम आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और लंबे समय से चले आ रहे जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसी का संबंध चाहते हैं।

**हर कदम उठाएगा पाकिस्तान:** उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के साथ बेहतर संबंध सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान हर कदम उठाएगा, लेकिन वह किसी भी भारतीय सैन्य दुस्साहस का समुचित जवाब देने से नहीं चूकेगा। डार का बयान ऐसे समय में आया है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार पदभार संभाला है और राजग सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं।

## नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में बुद्ध बॉय दोषी करार, अब एक जुलाई को सुनाई जाएगी सजा



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की एक अदालत ने बुद्ध बॉय के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता को यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी ठहराया। बुद्ध बॉय के प्रचलित राम बहादुर बामजन को जनवरी में नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के के अलावा अपने चार भक्तों के गायब होने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सरलाही जिला न्यायालय के एक जज ने उसे दोषी करार दिया। कोर्ट ने बताया कि सजा एक जुलाई क सुनाई जाएगी।

**गौतम बुद्ध का अवतार मानते हैं भक्त:** 33 वर्षीय राम बहादुर बामजन को उसके भक्त गौतम बुद्ध का अवतार मानते हैं। उसके भक्तों का मानना है कि बुद्ध बॉय महीनों तक पानी, नींद और भोजन के बिना ध्यान कर सकता है। हालांकि, कुछ पत्रकारों ने उसे ध्यान के दौरान कुछ खाते और सोते हुए भी रिकॉर्ड किया था। 2010 में उसके खिलाफ दर्जनों हमले की शिकायतें दर्ज की गई थी। इस पर सफाई पेश करते हुए बुद्ध बॉय ने बताया था कि ध्यान के दौरान परेशान करने के कारण उसने अपने भक्तों को पीट दिया था।

**जनवरी में हुई थी गिरफ्तारी :** नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उसे इस साल काठमांडू के बाहरी इलाके में एक घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान उन्होंने 227,000 डॉलर मूल्य के नेपाली बैंक नोट और 23,000 डॉलर मूल्य की अन्य विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इन आरोपों के बाद भी राम बहादुर बामजन के पास अभी भी भक्तों की एक बड़ी संख्या है। एक समय करीब दस हजार भक्त जंगल में उसके ध्यान के चमत्कार को देखने के लिए एकत्रित हुए थे। 16 साल की उम्र में वह नौ महीनों के लिए गायब हो गया था, जिसके बाद उसके भक्तों ने उसकी वापसी के लिए प्रार्थना की थी।

## इस्राइल की नई चेतावनी, जल्द गाजा में हमास शासन का होगा खात्मा



**यरुशलम, एजेंसी।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस्राइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की योजना लागू करेगा।

**हमास के सदस्यों का होगा खात्मा:** इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने मंगलवार को रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इस्राइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इस्राइली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी।

**अब यह नई योजना:** हानेग्बी ने कहा, हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। इसलिए अब हमारी यही योजना है और इस पर अमेरिका भी सहमत हैं। उन्होंने आगे कहा कि आप हमास को पूरी तरह से गायब नहीं कर सकते क्योंकि यह एक विचार है, एक अवधारणा है।

**नेतन्याहू ने बताए इस्राइल के तीन युद्ध उद्देश्य:** गौरतलब है, अमेरिका ने युद्ध के बाद गाजा के शासन के लिए एक दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए इस्राइल के अधिकारियों पर दबाव डाला है। हालांकि बाइडन प्रशासन इस्राइल द्वारा गाजा पर कब्जा करने का हमेशा ही विरोध करता रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि इस्राइल के तीन युद्ध उद्देश्य हैं हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं का विनाश, सभी बंधकों की वापसी और यह सुनिश्चित करना है कि गाजा अब इस्राइल के लिए खतरा नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि युद्ध के बाद गाजा की देखरेख अरब देशों की सहायता से यहां के नागरिकों द्वारा की जाएगी। उन्होंने कट्टरपंथ-विरोधी प्रक्रिया का भी उल्लेख किया।

**आठ माह से जारी जंग:** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है। फलस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में कम से कम 549 फलस्तीनियों की मौत हो गई है।इस्राइल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों के हमलों में कम से कम 14 इस्राइली मारे गए हैं।

## चुनावी बहस से पहले डोनाल्ड ट्रंप को आंशिक राहत; फैसले में जज ने कहा- जूरी की सुरक्षा प्राथमिकता

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क की एक अदालत से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आंशिक राहत मिली। अदालत के फैसले के बाद ट्रंप अपने मामले में गवाही देने वाले माइकल कोहेने और स्टॉर्मी डेनियल से जुड़ी टिप्पणी कर सकेंगे। ये राहत इसलिए भी अहम है क्योंकि 27 जून को होने वाली चुनावी बहस में ट्रंप भाग लेंगे। खबरों के मुताबिक अदालत से मिली राहत के बाद ट्रंप बहस के दौरान खुलकर टिप्पणी कर सकेंगे। गौरतलब है कि गुप्त धन से जुड़े आपराधिक मुकदमे में लगे प्रतिबंध आदेश (गैग ऑर्डर) को आंशिक रूप से हटाने के मामले में न्यूयॉर्क के अटॉर्नी अल्वीन ब्रैग (डी) का रूख अपवाद है। एक अन्य जज जुआन मर्चैन ने भी कहा है कि वे 11 जुलाई के फैसले के बाद प्रतिबंध हटाने पर विचार करेंगे। आंशिक रूप से हटाए जाने के बाद ट्रंप जूरी के सामने अपना पक्ष रख सकेंगे। इसी जूरी ने ट्रंप को पिछले महीने 34 आपराधिक आरोपों में दोषी ठहराया था। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप एक अन्य सुरक्षात्मक आदेश के तहत सार्वजनिक रूप से गवाहों की पहचान का खुलासा नहीं कर सकेंगे। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिबंधों में राहत देते हुए जज मर्चेन ने कहा कि जूरी के सदस्यों को संरक्षण प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। न्यूयॉर्क के अटॉर्नी अल्वीन ब्रैग की तरफ से इस संबंध में अपील भी की गई थी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129